

बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा : शाह - 12



ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी : अरुण - 12



सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ - 13



मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 12:37 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 11 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 234, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी के साथ राज्य में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। कुमार ने हिंदी में शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद कुमार नये संसद भवन से बाहर आए और उस समय के बारे में बात की, जब वह लोकसभा के सदस्य थे और पुराने संसद भवन में बैठते थे।

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने गोविंदपुरी इलाके से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए दो सरगनाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। हर्बिटेक्चर हेल्थकेयर नाम से संचालित इस गिरोह ने सोशल मीडिया मंचों पर वजन घटाने वाले उत्पादों का विज्ञापन करके और ग्राहकों को बार-बार भुगतान करने के लिए लुभाकर देश भर के लोगों को ठगा।

# यूपी की अंतिम मतदाता सूची जारी 2.05 करोड़ वोटरों के नाम कटे

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रदेश में अब 13.39 करोड़ मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान की लंबी प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची के अनुसार उप्र. में कुल 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष और 45.46 प्रतिशत महिला हैं। पहले 27 अक्टूबर 2025 को फ्रीज सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे, जो एसआईआर के बाद 2.05 करोड़ घटकर 13.39 करोड़ रह गए।

लोकभवन में शुक्रवार को उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी को जारी मसौदा सूची के मुकाबले अंतिम सूची में 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिनके नाम छूट गए, वे फॉर्म-6 भरकर शामिल हो सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से कुल 107 ज्ञापन प्राप्त हुए, जिनमें समाजवादी पार्टी से 85, भाजपा से 10, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 9, बसपा, सीपीआई(एम) और आम आदमी पार्टी से एक-एक ज्ञापन शामिल थे। सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया। रनदीप रिनवा ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रथम अपील कर सकता है, और जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 30 दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील कर सकता है।



### मतदाताओं का विवरण

- पुरुष मतदाता : 7 करोड़ 30 लाख 71 हजार 61
- महिला मतदाता : 6 करोड़ 9 लाख 9 हजार 525
- तृतीय लिंग : 4 हजार 206
- 18-19 आयुवर्ग : 17 लाख 63 हजार 360

### इन 5 जिलों में बढ़े वोटर

- प्रयागराज : 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता
- लखनऊ : 2 लाख 85 हजार 961 मददाता
- बरेली : 2 लाख 57 हजार 920
- गाजियाबाद : 2 लाख 43 हजार 666
- जौनपुर : 2 लाख 37 हजार 590

### एसआईआर प्रक्रिया की झलक

● 6 जनवरी को 12.55 करोड़ की मसौदा सूची जारी हुई थी। ● 6 मार्च तक दावे-आपत्तियां ली गईं। ● 86.69 लाख ने फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) भरा। ● 3.18 लाख ने फॉर्म-7 (नाम कटवाने) भरा। ● 1.04 करोड़ को माता-पिता आदि से मिलान न होने पर नोटिस। ● 2.22 करोड़ तार्किक विसंगति वाले।

### यमुना में नौका पलटी, पंजाब के 32 श्रद्धालु डूबे, 10 के शव निकाले



मथुरा। मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी पर्यटक पंजाब के रहने वाले थे। नौका में करीब 32 पर्यटक सवार थे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगभग 50 स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक गुलाब नामक एक स्थानीय गोताखोर ने बताया कि अब तक लगभग 15 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि तेज हवाओं के कारण नौका बीच नदी में तेजी से डगमगाने लगी, फिर उसकी गति बढ़ गई और वह एक पुल से टकरा गई, इसके बाद नौका पलट गई। मुख्यमंत्री योगी ने इस दुखद हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट की और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाई जाए और घायलों को तुरंत बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए।

# गोंडा में टूटकर गिरा बिजली का तार, पत्रकार की मौत

संवाददाता गोंडा

- जिला जज व डीएम एसपी ने घटना पर जताया दु:ख, मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश
- बिजली विभाग के जेई, अधिशासी अभियंता व मुख्य अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**अमृत विचार:** जिले के पथवलिया पोर्टरगंज क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक हृदयविदारक हादसे में युवा पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत हो गई। घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



बताया जा रहा है कि रंजीत तिवारी के घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। इसे हटवाने के लिए वह कई वर्षों से बिजली विभाग के अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे तारों में अचानक स्पार्किंग शुरू हो गई। चिंगारी निकलती देख रंजीत घर के पीछे खेल रहे बच्चों को सचेत करने पहुंचे। वह बच्चों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कह ही रहे थे कि अचानक जर्जर तार टूटकर उनके ऊपर गिर गया। करंट की चपेट में आने से वह तार में बुरी तरह उलझ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला जज दुर्ग नारायण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक के भाई अमरदीप की तहरीर पर पुलिस ने अवर अभियंता, अधिशासी अभियंता और मुख्य अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय टीम गठित कर मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कुवैत पर ड्रोन हमले, सऊदी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई/तेहरान/न्यूयार्क एजेंसी

- सीजफायर के बाद भी तेहरान व उसके सहयोगियों पर हमले का आरोप, ईरानी सेना ने कहा- कोई मिसाइल नहीं दागी गई
- होर्मुज से एक गैस टैंकर को ईरान ने लौटाया

कुवैत ने ईरान और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के बावजूद उसे निशाना बनाकर ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया है, वहीं सऊदी अरब ने कहा, हाल के हमलों से उसकी महत्वपूर्ण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद में शनिवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर वार्ता होनी है।

कुवैत ने कहा कि गुरुवार रात को हुए ड्रोन हमलों में कुवैत के कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों को निशाना बनाया गया। इस बीच, सऊदी अरब में हमले से उसकी महत्वपूर्ण 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' को नुकसान पहुंचा है। इस पाइपलाइन से तेल लाल सागर तक जाता है और इसके मार्ग में होर्मुज नहीं आता। ईरान ने युद्धविराम के बावजूद होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। वहीं, ईरान के आईआरजीसी ने कहा है कि युद्धविराम शुरू होने के बाद से किसी भी देश पर मिसाइलें नहीं दागी गईं। जो भी खबरें आ रही हैं, वे निस्संदेह यहूदी दुश्मन या अमेरिका का काम हैं। वहीं, अमेरिका ने कहा कि बोत्सवाना के एक गैस टैंकर ने ईरान ने होर्मुज से वापस लौटा दिया।

### संघर्षविराम पर वार्ता आज जेडी वेंस तेहरान से बोले अमेरिका से खेल न खेलो

वाशिंगटन। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले तेहरान को आगाह किया कि वह अमेरिका के साथ खेल न खेले। इस्लामाबाद में शनिवार को संघर्ष विराम पर वार्ता होनी है। वेंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह छह सप्ताह पहले शुरू हुए इस युद्ध का समाधान ढूंढ़े और राष्ट्रपति की ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की चौंकाने वाली धमकी को चरितार्थ न होने दें।

## राम मंदिर के 14 उप मंदिरों में 13 से दर्शन कर सकेंगे भक्त

अयोध्या। राम जन्मभूमि परिसर में बने संपूर्ण उप मंदिरों को दर्शनार्थियों के लिए खोले जाने का इंतजार समाप्त हो गया। राम मंदिर परिसर में 13 अप्रैल दिन सोमवार से एक दिन में 1500 पास धारकों को परिसर में भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ऑफिशल वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन पास की बुकिंग शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। श्री राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भूतल में विराजमान रामलला, प्रथम तल पर राम दरबार में दर्शन होने के बाद परकोटा कॉरिडोर और उसमें स्थापित भगवान गणेश, हनुमानजी, भगवान सूर्य, माता भगवती, मां अन्नपूर्णा देवी, भगवान शिव के दर्शन प्राप्त के बाद परकोटा के बाहर शेषावतार मंदिर, महर्षि अगस्त्य, महर्षि बाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वशिष्ठ, शबरी, निषादराज व अहिल्या देवी के बाद अंत में कुबेर टीला पर कुबेश्वर महादेव, जटायु और अंगद टीला पर गिलहरी की प्रतिमा को देखने का अवसर प्राप्त होगा।

# न्यायाधीश यशवंत वर्मा का इस्तीफा महाभियोग की प्रक्रिया हुई निष्प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी

**नकद बरामदगी मामला**



- विवादों में घिरे थे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश, राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

विवादों में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे उन पर जारी महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई है।

पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जली हुई नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद से वह आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च, 2025 को होली की रात आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया गया था। घटना के बाद महाभियोग प्रस्ताव से पहले एक पूर्व शर्त के तहत सुप्रीम कोर्ट के जज न्यायमूर्ति अरविंद, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र और वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य सहित तीन सदस्यीय जांच समिति जांच कर रही थी। उन्होंने न्यायाधीशों की दो निंदात्मक रिपोर्ट के बाद तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना की इस्तीफे की सलाह को मानने से इनकार कर दिया। विकल्प नहीं होने पर न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।

# वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च की

## आधुनिक गुरुकुल और उद्देश्य-आधारित विश्वविद्यालय के रूप में कल्पित इस यूनिवर्सिटी का मकसद भारत को वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी एजुकेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है



**जामनगर (गुजरात),** भारत रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ऑर्गनाइजेशन, वनतारा ने जाम नगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी।

वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है।

इसका पाठ्यक्रम भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य-पूर्ण और भविष्य-उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा।

**अनंत अंबानी ने कहा,**

"संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्तिगत अनुभव से प्रेरित है, जब मैंने संकट में पड़े पशुओं को करीब से देखा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता महसूस की।

प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' अर्थात् सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आएं, के आदर्शों से प्रेरित होकर यह विश्वविद्यालय हर जीवन की रक्षा के लिए समर्पित नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है।"

इस विचार को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए आधारशिला स्थल के डिजाइन में दो बिजोलिया बलुआ पत्थरों को शामिल किया गया। ये पत्थर प्राचीन विंध्यन भू-विन्यास से लिए गए हैं, जो वर्तमान बिहार में स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भौगोलिक संरचना से जुड़े माने जाते हैं। ये भारत की ज्ञान और शिक्षा की सतत परंपरा का प्रतीक हैं। हिंदू परंपराओं के अनुसार आयोजित इस शिलान्यास समारोह में शिक्षा, विज्ञान, संरक्षण और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अनंत अंबानी के शिक्षक और मार्गदर्शक भी शामिल हुए। समारोह का एक मुख्य आकर्षण मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि-विधान से स्थापित करने की रस्म थी, जिसे शिलान्यास के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में संपन्न किया गया। ये तत्व पूरे भारत के जैव-विविधता से समृद्ध विभिन्न भू-भागों से एकत्रित किए गए थे। जिनमें घास के मैदान, वन, आर्द्रभूमि, शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र, तथा हिमालयी और देश के उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित अन्य ऊँचाई वाले स्थान शामिल हैं। ये तत्व भारत की प्राकृतिक विविधता और विरासत को दर्शाते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी एक ही शैक्षणिक ढांचे के भीतर विभिन्न विषयों को जोड़ेगी, जिसकी नींव वास्तविक संरक्षण कार्यों के अनुभव पर आधारित होगी। वनतारा के जमीनी अनुभवों को अकादमिक कार्यक्रमों, पेशेवर प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर उपयोगी शिक्षा ढांचे में बदला जाएगा। करुणा, विज्ञान और संरक्षण के समन्वय के माध्यम से यह संस्थान ऐसे पेशेवर तैयार करेगा जो वन्यजीव और पारिस्थितिकी से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान कर सकें।

यूनिवर्सिटी अलग-अलग सब्जेक्ट्स में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, फेलोशिप और स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम ऑफर करेगी। इनमें वाइल्डलाइफ मेडिसिन और सर्जरी, न्यूट्रिशन, बिहेवियरल साइंसेज, जेनेटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, वन हेल्थ, कंजर्वेशन पॉलिसी और नेचुरलिस्टिक एनिमल केयर एनवायरनमेंट डिजाइन शामिल हैं। वनतारा की कार्यक्षमता के अनुरूप विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे।

साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाएंगी। वनतारा यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड एकेडमिक और क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और एक रेजिडेंशियल कैंपस से सपोर्ट मिलेगा। यह पशु कल्याण और उन्नत संरक्षण पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कार्य-आधारित शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा मॉडल में प्राकृतिक आवासों (इन-सिटू) और संरक्षित वातावरण (एक्स-सिटू) संरक्षण को जोड़ा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक देखभाल और दीर्घकालिक वन्यजीव प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

यह मानते हुए कि संरक्षण का भविष्य केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मानव चेतना में भी तय होगा, विश्वविद्यालय वन्यजीव पशु चिकित्सा और संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

साथ ही यह वन्यजीव स्वास्थ्य, पशु देखभाल वातावरण और संरक्षण से जुड़े ज्ञान संसाधनों के विकास का दीर्घकालिक मंच बनेगा।

शिलान्यास समारोह ने करुणा- आधारित संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास की शुरुआत भी दर्शाई।

इस दौरान 'वनतारा यूनिवर्सिटी फाउंडिंग फेलोज' और 'एवरी लाइफ मैटर्स' छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की घोषणा की गई।



साथ ही ज्ञान का उपयोग केवल प्रगति के लिए नहीं बल्कि संरक्षण के लिए करने का आह्वान किया गया।

अपने दृष्टिकोण के अनुसार वनतारा यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि इस विचार का प्रतिनिधित्व करती है कि वन्य जीवन को केवल सराहना ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मजबूत प्रणालियों और प्रशिक्षित हाथों की भी आवश्यकता होती है।



# मई से गांवों में दौड़ेंगी मिनी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 1003 में से 286 आवेदन चयनित, 13 अप्रैल तक स्क्रीनिंग पूरी करने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेशभर से प्राप्त 1003 आवेदनों में से अब तक 286 का चयन किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों की स्क्रीनिंग 13 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि उप्र. परिवहन निगम के 20 क्षेत्रों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा जांच की जा रही है। सरकार का लक्ष्य अप्रैल के अंत तक सभी औपचारिकताएं पूरी कर मई से ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसों का संचालन शुरू करना है।

योजना के तहत प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की तैयारी है। करीब 12,200 गांवों में 15 से 28 सीट क्षमता वाली निजी मिनी बसें चलाई जाएंगी, जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी व सस्ती परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कहा कि यह पहल अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाने में अहम साबित होगी।

# कानपुर मेट्रो को 'बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट' का राष्ट्रीय सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार से नवाजा गया

**अमृत विचारः** उप्र. मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से विकसित कानपुर मेट्रो परियोजना को बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में प्रतिष्ठित सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार की ओर से निदेशक/वर्क्स व इंफ्रास्ट्रक्चर सीपी सिंह और परियोजना निदेशक अरविंद मीणा ने ग्रहण किया।

सीआईडीसी की टीम ने मार्च में परियोजना स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता, गति और नवाचार की सराहना की। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, फूड व रिटेल आउटलेट, पुस्तक मेले और 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' जैसी पहलों को विशेष रूप से सराहा गया।

**आधुनिक तकनीकों से बना रिकॉर्डः** परियोजना में डबल टी-गर्डर, ट्विन पियर कैप, प्रीकास्टिंग, सेमी टॉप-डाउन तकनीक जैसी आधुनिक विधियों का उपयोग कर निर्माण समय में उल्लेखनीय कमी लाई गई। लॉन्चिंग और रिट्रीवल शाफ्ट्स के जरिए कार्य को तेज गति से पूरा किया गया।



पुरस्कार ग्रहण करते हुए यूपीएमआरसी के अधिकारी। अमृत विचार

समारोह में सीपी सिंह को 'चेयरमैन कमेंडेशन अवार्ड' भी प्रदान किया गया। एमडी सुशील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि टीम की निष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक है। सभी स्टेशनों को ग्रीन रेटिंग मिली है और ऊर्जा दक्ष तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 2200 करोड़ के मेगा प्रोजेक्ट से गाजियाबाद बनेगा इंटीग्रेटेड अर्बन हब

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के प्रवेश द्वार गाजियाबाद को खेल, पर्यटन, व्यापार और आधुनिक शहरी विकास के एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। करीब 2200 करोड़ रुपये की इस मेगा परियोजना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी टाउनशिप, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, होटल, रिटेल जोन और कन्वेंशन सेंटर शामिल होंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के मुताबिक यह योजना राजनगर एक्सटेंशन के मोर्टी क्षेत्र में विकसित होगी। इसके तहत लगभग 37 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और आसपास 380 एकड़ में एरोसिटी टाउनशिप बसाई जाएगी, जिससे पूरे इलाके को एक एकीकृत शहरी हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

स्टेडियम में 30,000 से अधिक दर्शकों की क्षमता, आधुनिक मीडिया सेंटर और हाईटेक लाइटिंग जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। यह परियोजना गाजियाबाद के लिए केवल एक स्टेडियम नहीं, बल्कि नए अर्बन मॉडल की शुरुआत मानी जा रही है।

### यूपी बनेगा डीप टेक कैपिटल, योगी ने तय किया रोडमैप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 'डीप टेक कैपिटल' बनाने के लिए स्पष्ट रोडमैप तय करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। 'इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड' के विजन के तहत प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, साइबर सिक्योरिटी और मेड-टेक जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया जाएगा। शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनींद्र अग्रवाल ने विभिन्न परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के जरिए मेड-टेक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई, जिसे नवंबर से शुरू करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने नोएडा में प्रस्तावित 'यूपी डीप-टेक हब' को नवाचार और उद्योग का केंद्र बताते हुए यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रोन टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए प्रदेश को स्वदेशी ड्रोन निर्माण और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाने की बात कही। ग्रीन हाइड्रोजन को ऊर्जा का भविष्य बताते हुए इसके उत्पादन, भंडारण और औद्योगिक उपयोग पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। वहीं आयुर्वेद के क्षेत्र में क्लिनिकल वैलिडेशन के लिए देश का पहला संस्थागत केंद्र स्थापित करने पर भी विचार किया गया। सीएम योगी ने कहा कि शोध और उद्योग के बेहतर समन्वय से न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# बचाव और इलाज में संतुलन जरूरी

## मुख्यमंत्री योगी ने कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- बीमार भारत न तो विकसित हो सकता है, न सशक्त बन सकता है और न ही आत्मनिर्भर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वस्थ नागरिक से स्वस्थ समाज बनता है और स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीमार भारत न तो विकसित हो सकता है, न सशक्त बन सकता है और न ही आत्मनिर्भर बन सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन 'एनआईसी-2026' को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 9 से 12 अप्रैल 2026 तक लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य नीति का केंद्र अब केवल उपचार नहीं, बल्कि प्रिवेंशन (रोकथाम) और ट्रीटमेंट (उपचार) का संतुलित समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज बढ़ती जीवनशैली और खान-पान की गड़बड़ियों के कारण गंभीर चुनौती बन गई हैं। सीएम योगी ने उपचार-केंद्रित मॉडल से आगे बढ़कर जन-जागरूकता और जीवनशैली सुधार आधारित मॉडल अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और संयमित जीवनशैली ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान हैं।

### चिकित्सकों से अपील

मुख्यमंत्री योगी ने देश-विदेश से आए विशेषज्ञों से कहा कि वे बचाव और उपचार, दोनों पक्षों पर समन्वित रूप से काम करें और ठोस निष्कर्ष प्रस्तुत करें। सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, इसलिए समय पर स्क्रीनिंग और जन-जागरूकता बेहद जरूरी है।



लखनऊ : कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते चिकित्सक।

**अटल विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेज :** योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी को प्रदेश की पहली ऐसी यूनिवर्सिटी बताया, जिसके साथ सभी मेडिकल कॉलेजों को संबद्ध किया गया है। उन्होंने इसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम और उत्तर प्रदेश के नए स्वरूप का प्रतीक बताया।

**आयुष्मान सुरक्षा :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों को सालाना 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से करीब 1400 करोड़ रुपये उपचार सहायता के रूप में उपलब्ध कराए गए।

**चिकित्सा ढांचा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक दशक पहले केवल 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 81 हो गई है और दो एम्स भी संचालित हैं।

# एक रात जब ईसीजी भी नसीब नहीं था: डॉ.चंद्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'एनआईसी-2026' सम्मेलन में बयां किया दर्द भरा अनुभव

**अमृत विचारः** कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन 'एनआईसी-2026' में डॉ. शरत चंद्रा का संबोधन भावनात्मक अनुभव के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में आए बदलाव की कहानी बन गया। उन्होंने वर्ष 2005 की एक रात का जिक्र करते हुए बताया कि जब उनके पिता को सीने में दर्द हुआ था, तब चंदौसी जैसे शहर में रात के समय ईसीजी तक उपलब्ध नहीं था।

उन्होंने कहा कि उस रात उनके पिता ने सुबह जांच कराने की बात कही, लेकिन एक डॉक्टर बेटे के रूप में वे पूरी रात बेचैन रहे। अगली सुबह जांच सामान्य आई, मगर उस घटना ने उनके मन में यह सवाल छोड़ दिया कि क्या हर मरीज को समय पर इलाज मिल पाता है।

**तब की स्थिति :** डॉ. चंद्रा के अनुसार उस दौर में छोटे शहरों और कस्बों में हृदय संबंधी प्राथमिक जांच सुविधाएं बेहद सीमित थीं। कई मरीजों को रातभर इंतजार करना पड़ता था और इलाज की शुरुआती प्रक्रिया में ही कीमती समय निकल जाता था।

**अब बदली तस्वीर :** करीब दो दशक बाद उत्तर प्रदेश में हृदय उपचार व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि अब हार्ट अटैक जैसे मामलों में मरीजों को सुबह तक इंतजार नहीं करना पड़ता। 'हृदय सेतु' जैसी व्यवस्थाओं ने बड़े चिकित्सा संस्थानों को जिला अस्पतालों से जोड़ दिया है। डॉ. चंद्रा ने कहा कि संजय गांधी पीजीआई, केजीएमयू और डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान जैसे प्रमुख केंद्र अब जिला अस्पतालों से नेटवर्क के जरिए जुड़े हैं, जिससे गंभीर मरीजों को तेजी से रेफर कर विशेषज्ञ उपचार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एंजियोप्लास्टी जैसी उन्नत सुविधाएं अब सुल्तानपुर, जौनपुर, बहराइच, गोंडा और बस्ती जैसे जिलों तक पहुंच चुकी हैं।

# लखीमपुर खीरी में 1311 करोड़ की 538 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास आज करेंगे मुख्यमंत्री योगी

- पलिया और मोहम्मदी में होंगी जनसभाएं, थारू जनजाति व विस्थापित परिवारों को मिलेंगे भूमि अधिकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी दौरे पर रहेंगे, जहां वह पलिया और मोहम्मदी में जनसभाओं को संबोधित कर 1311 करोड़ रुपये की 538 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का लाभ जिले के सात विधानसभा क्षेत्र लखीमपुर, गोला, श्रीनगर, पलिया, निघासन, मोहम्मदी और धौरहरा को मिलेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत चंदन चौकी (पलिया) से होगी, जहां मुख्यमंत्री थारू जनजाति के परिवारों को भूमि स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबी और विभिन्न योजनाओं के चेक भी सौंपे जाएंगे। इसके बाद मियांपुर (मोहम्मदी) में आयोजित कार्यक्रम में विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान किए जाएंगे।

सरकार ने थारू जनजाति के 34 गांवों के 4356 परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि पर पूर्ण स्वामित्व अधिकार देने का निर्णय लिया है। वहीं, उपनिवेश योजना के तहत 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है।

पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों का भी पुनर्वास कर उन्हें कृषि योग्य भूमि उपलब्ध कराई गई है। सरकार द्वारा इन परिवारों को भूमि के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला, आवास और पेंशन योजनाओं सहित अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

# किसान रजिस्ट्री के लिए मिशन मोड में सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर ग्राम पंचायत में लगेगा कैंप कम कवरेज वाले गांवों पर रहेगा विशेष जोर
- 15 मई से योजनाओं के लाभ के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य प्रशासन अलर्ट

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने किसान रजिस्ट्री को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में व्यापक रणनीति लागू कर दी है। तय योजना के अनुसार, 30 अप्रैल 2026 तक किसान रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार, 15 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसान रजिस्ट्री कैंप स्थापित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे गांवों की पहचान करें, जहां रजिस्ट्री का कवरेज कम है और 6 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाकर वहां 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी भूमि धारक किसान, चाहे वे पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हों या नहीं, किसान रजिस्ट्री में शामिल किए जाएं। इसका उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

जागरूकता को अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाते हुए जिलों को निर्देश दिया गया है कि अखबारों में विज्ञापन, लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से उर्वरक, बीज और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इस निर्णय के बाद प्रशासनिक स्तर पर तेजी और बढ़ गई है, ताकि समय सीमा के भीतर अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# डेनमार्क के राजदूत ने योगी से निवेश बढ़ाने पर की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में निवेश और तकनीकी सहयोग बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत में डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान डिफेंस कॉरिडोर, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल प्रबंधन और कृषि जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की गई।

राजदूत ने प्रदेश में बीते वर्षों में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए प्रमुख गंतव्य बन चुका है। उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर में विशेष रुचि दिखाते हुए रक्षा क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की इच्छा जताई। साथ ही वेस्ट-टू-एनर्जी, सौर ऊर्जा और हाइड्रोजन तकनीक जैसे क्षेत्रों में भी डेनमार्क की कंपनियों की भागीदारी की संभावना व्यक्त की।

जल प्रबंधन और नदी पुनरुद्धार परियोजनाओं में सहयोग का जिक्र करते हुए उन्होंने आईआईटी (बीएचयू) के साथ चल रही परियोजना की जानकारी दी। शिक्षा, कौशल विकास और एल्डरली हेल्थ केयर सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डेनमार्क की कंपनियों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

# आतंकी साकिब के दो साथी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दक्षिण अफ्रीका में मैजुल और सऊदी में बैठे आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**अमृत विचारः** आतंकी संगठन आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य साकिब के दो साथियों को एटीएस व स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से साकिब के संपर्क में थे। देश में कट्टरपंथी व हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए अपने नेटवर्क में देश के कई प्रमुख हिस्सों के युवाओं को जोड़ रहे थे। सभी सोशल मीडिया के माध्यम से देश में विद्रोह कराने के फिराक में थे। वहीं, विदेश में बैठे साकिब के दो करीबियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एटीएस ने 2 अप्रैल को मेरठ के साकिब, अरबाब और गौतमबुद्धनगर के विकास व लोकेश को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने खुलासा किया था कि ये सभी लखनऊ रेलवे स्टेशन पर विस्फोट करने आए थे। जब इनसे पूछताछ हुई और बताये गये बिंदुओं की जांच की गई तो सामने आया कि साकिब को मेरठ निवासी आकिब ने पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क कराया था। आकिब वर्तमान में दुबई में रह रहा है। साथ ही पिछले साल नवंबर 2025 में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें आकिब, बिजनौर का मैजुल, आजाद और उवैद मलिक शामिल थे। इसमें आकिब एके-47 व ग्रेनेड का प्रदर्शन कर रहा था। तब केस में एफआर लगा दी गई थी। आतंकी घटना का खुलासा होने के बाद मामले की जांच दोबारा शुरू की गई। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, शुक्रवार को उवैद मलिक और जलाल हैदर उर्फ समीर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जांच में सामने आया कि आरोपी मैजुल दक्षिण अफ्रीका और आजाद सऊदी अरब में है। इन दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। एडीजी ने बताया कि दुबई में छिपे आकिब के खिलाफ पहले ही तीन सर्कुलर जारी किए जा चुके हैं। सभी के पासपोर्ट निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई है।

# दो सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक

**अमृत विचारः** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में दो सड़क विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यह समिति निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों-पीसीयू शिथिलीकरण के अनुमोदन के लिए गठित की गई थी।

बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए मुख्य सचिव ने मानकों के अनुरूप आवश्यक पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) में शिथिलीकरण की स्वीकृति प्रदान की। फर्रुखाबाद में मोहम्मदाबाद-संकिसा मार्ग के 1.6 किमी लंबे हिस्से को चार लेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 3039.95 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति मिली। इससे क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं, गोरखपुर में देवरिया बाईपास से तालकंदा, चाफा सनहा और चवरी मार्ग तक 11.8 किमी सड़क के 1.5 लेन चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 3470.16 लाख रुपये की योजना को मंजूरी दी गई।

**तकनीक की मदद** | 90 दिन में दर्जनभर मामलों का खुलासा

# 'यक्ष' ऐप से स्मार्ट पुलिसिंग को मिली धार


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुछ घंटों में दो लूट का किया खुलासा, सीसीटीवी और डिजिटल डाटा से तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही पुलिस

**अमृत विचार :** यूपी पुलिस का 'यक्ष' ऐप अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभा रहा है। महज 90 दिनों में इस डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद से एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों का खुलासा किया गया है, जिससे स्मार्ट पुलिसिंग को नई गति मिली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू किए गए इस ऐप के जरिए पुलिस अपहरण, लूट, हत्या और चोरी जैसे मामलों में तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण के अनुसार, यक्ष ऐप में अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस, सीसीटीवी लोकेशन मैपिंग और एनालिटिकल टूल्स जैसी सुविधाएं हैं, जिससे जांच प्रक्रिया तेज और सटीक हुई है।

हरदोई में अपहरण के एक मामले में ऐप से पता चला कि कथित पीड़ित पहले से जेल में बंद था। जौनपुर में लूट की घटना का कुछ घंटों में खुलासा कर तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए। वहीं लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में दो लूट की घटनाओं का 48 घंटे में पर्दाफाश हुआ।





बरेली में सास और साले की हत्या के आरोपी का फोटो और रिकॉर्ड एप से मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आगरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को झूठे छेड़छाड़ के आरोप से बचाने में भी एप उपयोगी साबित हुआ। सीसीटीवी फुटेज और फेस रिकग्निशन के जरिए असली आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। मेरठ, हाथरस, फर्रुखाबाद, कानपुर और गोंडा जैसे जिलों में यक्ष के जरिए कई चोरी और जेबकतरी गैंग का खुलासा हुआ। मेरठ में जेबकतरा गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार किये गये, हाथरस में आभूषण चोरी का आरोपी ट्रेस, कानपुर में ज्वैलरी दुकान से चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ और गोंडा में स्कूलों में हो रही चोरी का खुलासा ऐप ने किया।

यक्ष ऐप के जरिए डिजिटल डाटाबेस, यूनिक क्रिमिनल आईडी और मल्टी-एंगल फोटो रिकॉर्ड से पुलिस को अपराधियों की पहचान और ट्रैकिंग में बड़ी मदद मिल रही है।

# बौद्ध सर्किट के लिए मिले 3000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुशीनगर में बीते दिनों आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव में 2300 से अधिक श्रद्धालुओं और थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान व नेपाल से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान करीब 3000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे बौद्ध पर्यटन को नया बल मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विकसित उत्तर प्रदेश @2047' विजन में पर्यटन क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका तय की गई है। लक्ष्य है कि पर्यटन आधारित जीवीए में प्रदेश का योगदान 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत किया जाए।

# चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बनी बच्चों की 'रक्षक'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 26 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण

**अमृत विचार :** प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए चलाई जा रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन के माध्यम से 26 हजार से अधिक शिकायतों का सफल निस्तारण किया गया है, जिससे हजारों बच्चों को सुरक्षित जीवन मिला है।

महिला कल्याण निदेशालय के तहत मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित यह हेल्पलाइन 24×7 आपातकालीन सेवा के रूप में कार्य कर रही है। कंट्रोल रूम के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 में कुल 28,945 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 26,239 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों में कार्रवाई जारी है।

हेल्पलाइन के माध्यम से गुमशुदा बच्चों की तलाश में उल्लेखनीय सफलता मिली है। बांदा की एक महिला का 6 वर्षीय बेटा, जो 2015 में चित्रकूट में लापता हो गया था, उसे करीब 10 साल बाद खोजकर परिजनों से मिलाया गया। इसके अलावा एटा में बाल श्रम और उत्पीड़न के शिकार एक बच्चे को मुक्त कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

# भाजपा मुद्दों से हारकर संस्थाओं का कर रही दुरुपयोग : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह मुद्दों पर हारती है तो संवैधानिक संस्थाओं के पीछे छिपकर हमला करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

सपा प्रमुख ने जारी बयान में कहा कि भाजपा ने फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए वोट कटवाने की साजिश रची और फार्म-7 के माध्यम से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

**न्यूज ब्रीफ**

### आज गणेश मंदिर शिखर पर होगा ध्वज आरोहण

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर के उप मंदिरों में ध्वज आरोहण के कार्यक्रम को संपन्न करने का सिलसिला जारी है। आज शनिवार को मंदिर की 800 मीटर की परिधि में परकोटा कॉरिडोर के पूर्वी और दक्षिणी छोर पर बने भगवान गणेश की मंदिर शिखर पर ध्वज आरोहण किया जाएगा। जिससे मंदिर निर्माण संस्था एलएंडटी और टाटा कांस्टेंसी से जुड़े अधिकारी व इंजीनियर करेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक शाम लगभग 4 बजे गणेश मंदिर के शिखर पर ध्वज आरोहण का कार्य संपन्न होगा।

### सीईटी पीएचडी प्रवेश परीक्षा 24 को

**अयोध्या अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की सीईटी-2024 पीएचडी प्रवेश परीक्षा 24 अप्रैल को विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों पर संपन्न होगी। जिसमें 1600 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहले यह परीक्षा 18 अप्रैल को प्रस्तावित थी। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि अभ्यर्थी 14 अप्रैल से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना हैदरगंज अंतर्गत जजवारा गांव में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लगी बल्ली में कपड़े के फंदे के सहारे राजन गुप्ता (19) पुत्र सुरेंद्र का शव लटकता मिला। शव के नीचे काफी मात्रा में खून गिरा था। पैर में कई जगह चोटों के निशान भी थे। मृतक प्रयागराज में नौकरी करता था, इस समय वह घर आया था प्रधान विध्या यादव की सूचना पर सीओ बीकापुर सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी संतोष कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। सभी पहलुओं पर जांच हो रही है।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, नुकसान

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील के ग्राम पंचायत जरायल कला मजरे पूरे शाहलाल गांव में संदीप कुमार के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घर में रखा गेहूं, चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री एंव कपड़े और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जलकर पूरी तरह खाक हो गया। लेखपाल महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि क्षति का आंकलन किया गया है। सहायता राशि जल्दी दी जाएगी।

### फर्जी वेबसाइट से ठगे 81 हजार रुपये

**अयोध्या,** । फर्जी वेबसाइट ने भ्रमित कर एक व्यक्ति के खाते से 81 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित सौशील्य मणि त्रिपाठी निवासी राजसभा मंदिर ने थाना रामजन्मभूमि पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ अप्रैल को व्हाट्स एप पर बैंक की अधिकारिक वेबसाइट की तरह दिखने वाली वेबसाइट ने उनसे क्रेडिट कार्ड का विवरण मांगा। विवरण व ओटीपी देते ही उनके खाते से 81 हजार रुपये निकल गए। इसकी शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर की तो जिस खाते में पैसे गए थे, उसे होल्ड पर रख दिया गया। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्जकर जांच की जा रही है।

### दो पक्षों में मारपीट, दो लोग घायल

**शाहगंज, अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के तिवारी का पुरवा पुहंपी गांव में शुक्रवार में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष के रामचरन (50) व दूसरे पक्ष के राजवंत निषाद (19) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस द्वारा दोनों घायलों को सीएचसी बीकापुर भेजा। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया गया कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सपा अध्यक्ष ने दी एक लाख की सहायता

**अयोध्या, अमृत विचार।** निजी अस्पताल में प्रसव में लापरवाही से गई जच्चा-बच्चा की जान के मामले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्व. सोनी यादव के पति सुरेश के नाम एक लाख चेक के रूप में सहायता राशि भेजी। यह चेक शुक्रवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने परिवार को सौंपा। पूर्व मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष हमेशा पीड़ितों की मदद करते हैं। इस दौरान निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, दान बहादुर सिंह, राकेश यादव, हामिद जाफर मीसम समेत अन्य मौजूद रहे।

# राजनीतिक होते हैं गोली चलवाने के 90 फीसदी मामले : नृपेंद्र

**अयोध्या कार्यालय।**



- **अयोध्या गोली कांड पर पहली बार बोले मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष**

**अमृत विचार:** राम मंदिर आंदोलन के दौरान सन् 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने पहली बार कहा कि गोली चलवाने के 90 फीसदी मामले राजनीतिक होते हैं। कुछ मामलों में 10 फीसदी राय मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी की होती है। जिले के पत्रकारों को शुक्रवार को श्री राम मंदिर दिखाने के लिए ले जाया गया था। वहां पत्रकारों ने मुलायम सिंह के शासन काल में अयोध्या में कारसेवकों पर हुए गोली कांड के आरोप के मुद्दे पर सवाल उठाया। कहा कि अखिलेश भी इस पर सवाल उठाते रहे हैं तो नृपेंद्र ने शायद पहली बार मुंह खोला। कहा कि वह मुलायम सिंह यादव सरकार में प्रमुख सचिव थे और कल्याण सिंह सरकार में भी प्रमुख सचिव थे। कहा कि अखिलेश देश के सम्मानित राजनेता के सुपुत्र हैं, उन्हें तो सारी जानकारी होगी। बोले कि ऐसे निर्णय प्रमुख सचिव स्तर के नहीं होते। ऐसे निर्णय 90 फीसदी राजनीतिक होते हैं। इसमें 10 फीसदी राय गृह सचिव, मुख्य सचिव और डीजी पुलिस की होती है। उन्होंने सन् 1992 में विवादित ढांचा ढहाए जाने के समय का जिक्र करके इसकी पुष्ट कर दी। कहा कि मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के सामने भी पत्रावली प्रस्तुत की गई थी। कहा गया कि अयोध्या में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। स्व. कल्याण सिंह ने सीएम के रूप में पत्रावली पर ही आदेश लिख दिया कि कुछ भी हो लेकिन गोली नहीं चलेगी।

# उम्मीद बहुत छोटी थी, जिसका परिणाम बहुत बड़ा निकला

**अयोध्या कार्यालय**

- **बोले, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष, कहा- 2000 करोड़ से बनकर तैयार हुआ भव्य राम जन्मभूमि मंदिर**

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को शुरू हुई। इससे पहले राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से पत्रकारों को पूरे राम मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, मंदिर निर्माण पर अब तक 2000 करोड रुपये खर्च हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2020 में इस कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। उसके पहले जो आंदोलन था, 2014 से मैं साक्षी हूं कि किस प्रकार सुप्रीम कोर्ट में प्रतीक्षा की जा रही थी। उन्होंने मंदिर परिसर निर्माण पर कहा कि उम्मीद बहुत छोटी थी। जिसका परिणाम बहुत बड़ा निकला हैं। दैविक परिमाण है। इससे सभी को प्रेरणा मिली है।




संरक्षित किया गया अस्थाई राम मंदिर।

### अस्थाई मंदिर स्थल पर जलेंगी अखंड ज्योति

राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण से पहले श्री रामलला चार वर्ष तक जिस अस्थाई मंदिर में विराजमान रहे। उस स्थान को सुरक्षित रखने हुए लकड़ी से बने उन अस्थाई मंदिर के ढांचे को संरक्षित किया गया हैं। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया किआज से 24 घंटे अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। इसके साथ इसके अंदर पूरे टेंट को रखा जाएगा। इसके लिए आधुनिक तकनीकी से अखंड ज्योति की व्यवस्था बनाई गई है। जो श्रद्धालुओं को आकर्षित भी करेगी।

### राम मंदिर में कारसेवकों की स्मृति में बन रहा स्तंभ



राम मंदिर में राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े स्थलों को संरक्षित किए जाने के साथ कारसेवकों की स्मृति में एक स्तंभ का भी निर्माण किया जा रहा है। सप्त मंदिरों के निकट लोहे और अन्य विभिन्न धातु से स्तंभ को बनाया जा रहा है। जिसके अप्रैल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

# पति की हथौड़े से हत्या कर पत्नी ने ट्रेन के आगे कूद की आत्महत्या

**थाना रौनाही अंर्तगत करेरू गांव की घटना, पति व 22 माह के दुधमुंहे बच्चे को घर में किया था बंद, बच्चे ने भी तोड़ा दम**


**पत्नी के पास से मिला सुसाइड नोट, जिसमें पति व ससुरालवालों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप**

**सोहावल, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** थाना रौनाही अंतर्गत करेरू गांव में पत्नी ने पति की हथौड़े से वार कर हत्या कर दी। पति का शव व अपने दुधमुंहे बच्चे को घर के कमरे में बंद कर बाहर सेताला लगा दिया। इसके बाद खुद ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। बच्चे ने भी शुक्रवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थलों से साक्ष्य एकत्र किए हैं। तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

करेरू गांव से करीब एक किमी. दूर देवराकोट रेलवे फाटक के पास गुरुवार शाम करीब सात बजे एक महिला का क्षत विक्षत शव की सूचना पर रौनाही थाना प्रभारी लालचंद सरोज मौके पर पहुंचे व जांच पड़ताल की। शव के कई हिस्से हो गए थे। जांच के दौरान घटनास्थल से एक टूटा मोबाइल, शॉल व 130 रुपये व एक सुसाइड नोट भी मिला। पुलिस ने जब मोबाइल में लगे सिम को दूसरे फोन में लगाकर बात की तो मृतक महिला की पहचान संजू (21) पत्नी शिवानंद (25) निवासी करेरू गांव के रूप में हुई।

घर का पता चलने पर जब पुलिस टीम उसके घर पहुंची तो दरवाजे पर ताला लगा मिला। ताला तोड़कर पुलिस जब अंदर गई तो तो महिला के पति शिवानंद का शव फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था। बगल में बेड पर 22 दिन का नवजात भूख-प्यास से तड़पकर रहा था। कमरे में खून से सना हथौड़ा बरामद हुआ, जिससे संभावना व्यक्त की गई कि पत्नी ने हथौड़े से पति की हत्या कर खुद ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मौके पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, कार्यवाहक सीओ सदर आशीष निगम, थाना प्रभारी रौनाही लालचंद सरोज व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। भूख-प्यास से बिलख रहे 22 दिन के दुधमुंहे बच्चे को पुलिस ने मृतका की जेठानी किरण को सौंप दिया। माता-पिता को खो चुके बच्चे की भी शुक्रवार की सुबह मौत हो गई।



शिवानंद व संजू (फाइल फोटो)।



पति-पत्नी व बच्चे के अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद पुलिस व ग्रामीण।

### एक वर्ष पहले हुआ था विवाह 22 दिन पहले जन्मा था बच्चा

शिवानंद (25) कंस्ट्रक्शन साइटों पर मजदूर सप्लाई का ठेका लेता था। साथ ही वह शटरिंग का काम भी करता था। एक वर्ष पहले संजू से शादी हुई थी, 19 मार्च को संजू ने एक बच्चे को जन्म दिया। शिवानंद पिता पाटनदीन व तीन भाइयों से अलग अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी में अकसर विवाद होता रहता था। इसी के चलते दोनों परिवार से अलग रह रहे थे। मृतका संजू के पास मिले सुसाइड नोट से इसकी पुष्टि भी होती है। इसमें उसने पति व ससुरालवालों के उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। वहीं, घटनास्थल के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने की चर्चा है।

### बच्चे का मेडिकल परीक्षण न कराने पर पुलिस पर उठे सवाल

पुलिस ने श्वसुर पाटनदीन, जेठ अवधेश की मौजूदगी में दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घंटों से रो-रोकर बेहाल हुए नवजात शिशु का मेडिकल परीक्षण न कराकर उसे जेठानी के सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर उचित समय पर चिकित्सीय सहायता मिलती तो शायद आज बच्चा जीवित होता।

### घर जाने पर देवर की मौत का पता चला

जेठानी किरन के अनुसार शिवानंद व संजू परिवार से अलग रहते थे। हम सभी गुरुवार को किसी काम से बाहर गए थे। रात आठ बजे लौटे तो गांव का एक व्यक्ति ने बताया कि शिवानंद की पत्नी ट्रेन से कटकर मर गई है। मैं पति के साथ शिवानंद के घर पहुंची। वहां देखा कि पुलिस और गांव के प्रधान पहले से मौजूद थे। लोगों ने पूछने पर पता चला कि शिवानंद की लाश घर के अंदर मिली है। पुलिस ने संजू के बच्चे को हम लोगों को सौंप दिया। जेठानी के अनुसार उसने दूध पिलाकर बच्चे को सुला दिया था। सुबह उठी तो बच्चे में कोई हरकत न देख अन्य लोगों को बुलाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।

"पति की हत्याकर पत्नी ने स्वयं ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। पत्नी के पास मिले सुसाइड नोट से इसकी पुष्टि होती है। इसमें उसने पति व ससुरालवालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। -**बलवंत चौधरी, एसपी ग्रामीण**"

### 51 विकास कार्यों के लिए 10.71 करोड़ की प्रथम किश्त जारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में चल रही त्वरित आर्थिक विकास योजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। राज्यपाल द्वारा इस योजना के अंतर्गत कुल 22.33 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें प्रथम किश्त के रूप में 10.71 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इस योजना के तहत जिले के विभिन्न गांवों में कुल 51 कार्य किए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से ग्रामीण सड़कों का निर्माण, संपर्क मार्गों का विस्तार और सामुदायिक केंद्रों का निर्माण शामिल है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कार्यों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

### जनगणना-2027 : 150 घरों के ब्लॉक पर लगाए जाएंगे प्रगणक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जनगणना-2027 के पहले चरण में मकानों की गिनती की जाएगी। 150 मकानों का ब्लॉक बनेगा। इसमें एक प्रगणक की तैनाती की जाएगी। यही प्रगणक मकानों की गिनती के साथ मुखिया से सवाल पूछ इंट्री करेंगे। जनगणना-2027 की तैयारी तेज है। ब्लॉक बनाने के साथ प्रगणकों की तैनाती की जा रही है। एक ब्लॉक में लगभग आठ सौ की आबादी रहेगी। प्रगणक इसी ब्लॉक के घरों की गिनती करेंगे। इसकी सूची बनाएंगे। इसके बाद घर के मुखिया से सरकार द्वारा तय किए गए 33 सवाल पूछेंगे। इनका जवाब लेंगे। इसके बाद इसे भरेंगे। इस इंट्री से परिवार की पूरी की पूरी सोशियो हिस्ट्री का डाटा एकत्र हो जाएगा। प्रगणकों को तैयार करने का काम शुरू हो गया है। इसके साथ ही सुपरवायजर और चार्ज अधिकारी भी बनाए जा रहे हैं। ब्लॉक बनाने और प्रगणकों की तैनाती के बाद 15 अप्रैल के बाद इनके प्रशिक्षण की तैयारी है। सात मई से स्व गणना शुरू होगी। इसके पहले तैयारी पूरी करने का लक्ष्य दिया गया है। इसको लेकर लगातार बैठकें हो रही हैं।



जानकी महल मंदिर परिसर में हवन करते हुए दिल्ली से आए 101 भक्त। अमृत विचार

### दिल्ली व सिंगापुर से आए 107 भक्तों ने किया हवन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अमेरिका-ईरान-इजराइल व रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्ति व वैश्विक शांति, सद्भाव के लिए 107 भक्तों राम नगरी में अनुष्ठान हवन पूजन कर रामलला से कामना की। जिसमें दिल्ली समेत सिंगापुर से आए लोग भी शामिल हुए। वैश्विक भारत ब्रांड एम्बेस्डर व अध्यक्ष दिल्ली स्ट्डी ग्रुप डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में दिल्ली से आए भक्तों ने जानकी महल मंदिर में विशेष अनुष्ठान हवन पूजन संपन्न किया। उसके बाद राम मंदिर में रामलला का भी आशीर्वाद लेकर विश्व शांति की कामना की। इसके पूर्व सरयू नदी में स्नान कर हनुमानगढ़ी, कनक भवन, नागेश्वरनाथ मंदिर व अन्य पौराणिक स्थलों का भ्रमण कर पूजन अर्चन किया है। विजय जौली ने बताया कि दिल्ली से 101 और सिंगापुर से छह भक्त श्री रामलला के दर्शन करने आए हैं। सभी लोग एक साथ मिलकर हवन पूजन किया है। इसका उद्देश्य है कि विश्व मानवता का कल्याण हो, सद्भाव हो। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विश्व युद्ध को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बताया कि हवन पूजन के बाद सभी लोग रामलला के दर्शन भी किये।



रुदौली गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लगी लंबी कतार। अमृत विचार

### गैस सिलेंडर के लिए कतार से उपभोक्ता परेशान

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र स्थित गैस एजेंसी पर शुक्रवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए, जिससे घंटों तक लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से गैस आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि ऐसी समस्या दोबारा न हो। उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एजेंसी से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली जा रही है और जल्द ही व्यवस्था को सुचारू कराया जाएगा।

# महापौर ने जलवानपुरा की सड़क को ऊंची कराने का किया वादा

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार व पार्षद प्रतिनिधि अभय श्रीवास्तव के साथ शुक्रवार को हनुमान कुंड वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने जलवानपुरा की सड़क को ऊंची करवाने का वादा किया।

महापौर ने सुबह लगभग नौ बजे बिरला मंदिर के उत्तरी छोर की गली से भ्रमण की शुरुआत की। इस दौरान नगर निगम की टीम सफाई कर रही थी, लेकिन थोड़ी दूर चलने पर गोबर जमा देख कर उन्होंने नाराजगी जताई और हटाने का निर्देश दिया। श्रीराम भोजनालय के सामने दुकानदारों को कूड़ा-करकट कूड़ेदान में ही रखने की हिदायत दी। बिरला मंदिर के पिछले हिस्से में जलवानपुरा के लोगों ने जल भराव की समस्या से अवगत कराया। यहां रामनाथ पांडे ने बताया कि जलभराव से बरसात के दौरान घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। पार्षद प्रतिनिधि ने क्षेत्रीय लोगों की समस्या को देखते हुए सड़क ऊंची करने की आवश्यकता जताई।



हनुमान कुंड वार्ड में निरीक्षण के बाद लोगों से बातचीत करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

**नगर की सरकार आपके द्वारा अभियान के तहत हनुमान कुंड वार्ड का निरीक्षण**

नगर आयुक्त को बताया गया कि अभी जल निगम सीवर लाइन डालने का कार्य कर रहा है। महापौर ने दो माह के अंदर पाइप डालकर सड़क नगर निगम को हस्तगत कराने की हिदायत दी और लोगों से वादा किया कि इसके बाद सड़क को ऊंची करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सुबोध नारायण झा ने पानी न आने की शिकायत की। इस पर महापौर ने महाप्रबंधक जल निगम को पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने दंतधावन कुंड व अंबेडकर पार्क के पास वाटर कूलर लगाने का वादा किया। स्थानीय नागरिक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जलवानपुरा में जिस स्थान पर जल भराव की समस्या हर वर्ष रहती है, महापौर व अन्य अधिकारी वहां गए ही नहीं। भाजपा नेता सिद्धार्थ श्रीवास्तव अवधेश पांडेय ने महापौर, नगर आयुक्त एवं पार्षद प्रतिनिधि का सम्मान भी किया।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, महा प्रबंधक जलकर सौरव श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, सहायक अभियंता जलकर जयकुमार, निर्माण खंड के सहायक अभियंता भारत वर्मा एवं राजपति यादव मौजूद रहे।

**पीड़ा** प्रभावित उपभोक्ताओं में बढ़ रहा है आक्रोश, शिकायत के बाद भी नहीं कोई सुनवाई

# स्मार्ट नहीं जेबकतरा है प्रीपेड मीटर, बिजली के साथ कट रही जेब

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर के शिकार ऐसे दर्जनों उपभोक्ता हैं जो अब अपना सिर धुन रहे हैं। उपभोक्ताओं की सुनवाई करने तक के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन नहीं तैयार है, समाधान तो बहुत दूर की बात है। उपभोक्ता आशीष निगम ने बताया कि उन्होंने दो अप्रैल को 4590 की धनराशि जमा की लेकिन 8 अप्रैल को अचानक बिजली कट गई और कोई बकाए का मैसेज भी नहीं आया। विद्युत उप केन्द्र पता किया तो पता चला बकाया था इसलिए बिजली कट गई, पूछा तो पता चला कि धनराशि विगत माह के बिल में समायोजित हो गई।

**सामान्य मीटर से तेज रफ्तार से रीडिंग खपा रहा है स्मार्ट प्रीपेड मीटर**

पॉवर कॉर्पोरेशन के स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर बड़ा फाल्ट सामने आया है। जांच में पता चला कि कुछ मामलों में स्मार्ट मीटर सामान्य से ज्यादा तेजी से चल रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में अचानक बढ़ोतरी हो रही है। बैरिहवां के काली कुंज मोहल्ले के निवासी बलराम यादव ने शिकायत की थी कि पहले उनका बिजली बिल 168 से 200 रुपये के बीच आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह बढ़कर 1100 से 1200 रुपये तक पहुंच गया। शिकायत के बाद विभाग ने कनेक्शन पर चेक मीटर लगाया। जांच में पाया गया कि स्मार्ट मीटर और चेक मीटर की रीडिंग में बड़ा अंतर है। जहां चेक मीटर 579 यूनिट दिखा रहा था, वहीं स्मार्ट मीटर 675 यूनिट दर्ज कर रहा था, यानी स्मार्ट मीटर ज्यादा खपत दिखा रहा था। इस खुलासे के बाद स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और अन्य उपभोक्ताओं में भी चिंता बढ़ गई है।

ऐसे मामलों में चेक मीटर के आधार पर ही बिलिंग की जाएगी। यदि स्मार्ट मीटर तेज पाया जाता है तो उसे बदल दिया जाएगा। **-विनय कुमार, अधिशासी अभियंता**

"स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर शिकायतों का संज्ञान लिया जा रहा है, अभी समाधान की व्यवस्था नहीं है। यह एक स्वचलित प्रणाली है। स्थानीय स्तर पर कुछ नहीं किया जा सकता है। शक्ति भवन सिस्टम सेल को पत्र भेजा गया है। **-बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण।**"

रानोपाली अयोध्या निवासी कृष्णा देवी पत्नी सन्तराम ने स्मार्ट मीटर में 31 मार्च 2026 को 3500 रुपये का रिचार्ज कराया। बिजली बिल के 1600 रुपया काट लिया था। इसके बाद से रोज आठ या नौ रुपया बिल कटने लगा। कृष्णा देवी के अनुसार एक दिन का बिजली बिल 350 रुपया अचानक काट लिया गया। पॉवर कॉरपोरेशन के इंजीनियर स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी सुनने को तैयार नहीं। नगर के निवासी सुरेन्द्र यादव ने एक हफ्ते पहले बिल जमा किया, मात्र 431 रुपये बैलेंस था, जमा होने के बाद 10 प्रतिशत धनराशि बकाए में कट गई और बिजली भी कट गई। कहा कि स्मार्ट मीटर का फायदा यही है, जितना भी कमाओ बिजली विभाग को देते रहो।

# एक मुश्त समाधान योजना लाने की तैयारी में एडीए

**अयोध्या कार्यालय।**

- **प्लाट खरीद के बकाएदारों के लिए होगी यह योजना**

**अमृत विचार:** शहर की कॉलोनियों में प्लाट खरीदकर पैसा न जमा कर पाने वाले लोगों के लिए एक मुश्त समाधान योजना आएगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण इसकी तैयारी में है। जल्द ही यह योजना लांच किए जाने की तैयारी है।

शहर में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने कई कॉलोनियां विकसित की हैं। इनमें कई बड़ी कॉलोनियां शामिल हैं। साकेत पुरी, अंजनीपुरम सहित लगभग आधा दर्जन कॉलोनियां ऐसी हैं जिनमें कई-कई प्लाट खरीदने वाले डिफाल्टर की श्रेणी में आ गए हैं। इन खरीदारों ने प्लाट लेने के बाद कुछ दिन तक तो इसके किश्तें जमा की लेकिन इसके बाद किन्ही कारणों से उनकी किश्तें आनी बंद हो गई। इसके कारण संबंधित लोगों पर ब्याज चढ़ती गई। इनके ऊपर बकाए की राशि भी बढ़कर ज्यादा हो गई। इसके बाद व्यवस्था के तहत दंड ब्याज भी लग गया। अब इसके लाखों में पहुंच जाने की बात बताई गई है। अब अयोध्या विकास प्राधिकरण ऐसे लोगों के लिए एक मुश्त समाधान योजना लाने की तैयारी में हैं। माह अप्रैल में ही इसे लागू किया जाएगा। इसके तहत संबंधित व्यक्ति को एडीए में एक मुश्त समाधान के लिए पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद समाधान किया जाएगा। एडीए के ओएसडी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बकाएदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाने की तैयारी है। इसके तहत उपभोक्ताओं को राहत दी जाएगी। जिससे वह पैसा जमा कर सकें।

# एसआईआर में जिले में घट गए 2.57 लाख मतदाता

## विस मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, बूथों पर देखें मतदाता सूची में अपना नाम ▪ सप्ताह भर मिलेंगे बीएलओ

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद शुक्रवार को विधनासभा की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। जिले में 2.57 लाख मतदाता घट गए। प्रकाशन के बाद बीएलओ सप्ताह भर बूथों पर मिलेंगे। आप अपना नाम सूची में देख सकते हैं। नाम न होने की स्थिति में आप फॉर्म छह भरकर अपना नाम सूची में बढ़वाने के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।



भाजपा नेता को मतदाता सूची की हार्ड और सॉफ्ट कॉपी देते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

अंतिम प्रकाशन के पहले जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की जानकारी दी। बताया कि पुनरीक्षण के अवसर पर कुल 19,07,800 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे। इसमें से 15,70,258 मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारियों से डिजिटाइज्ड किया गया। कुल 93.23 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग हुई। नो मैपिंग की संख्या 1,29,155 और तार्किक विसंगतियों की संख्या 3,56,627 थी। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से कुल 4,57,177 मतदाताओं को नोटिस जारी कर उनसे दस्तावेज प्राप्त करते हुए सुनवाई की गई। कुल 7,274 मतदाताओं से साक्ष्य प्रस्तुत नहीं जा सका। यह अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो सके।

बताया कि आलेख्य प्रकाशन छह जनवरी 2026 को में कुल 15,70,258 मतदाता थे। अयोग से नियत दावे एवं आपत्तियों की अवधि में 59,059 मतदाताओं का नाम परिवर्धन/बढ़ा है, 8,662 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से अपमार्जित किया गया। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 16,50,655 मतदाताओं में से पुरुष मतदाता 8,84,096 महिला मतदाता 7,66,495 और थर्ड जेण्डर 64 हैं। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची हार्ड एवं साफ्ट प्रति में पेन डाइव के साथ दी गई।अंत में डीएम ने बैठक में मौजूद मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी अन्सार अहमद, जिला संयोजक बसपा मुस्तफा अली, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस उमेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष विधिमंत्र, अपना दल (एस) राम प्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी अनिल कुमार प्रजापति, जिला संयुक्त सचिव सीपीआईएम विनोद सिंह मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूलों में नामांकन ने नहीं पकड़ी रफ्तार

**अयोध्या।** जिले के सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा स्कूल चलो अभियान इस बार अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। जानकारी के अनुसार इस सत्र में जिले के बेसिक स्कूलों में करीब 1.90 लाख बच्चों का पंजीकरण हुआ है, जबकि पिछले सत्र में यह संख्या 1.95 लाख थी। इस बार पांच हजार से अधिक बच्चे कम दर्ज हुए हैं। नामांकन में आई गिरावट से साफ है कि सरकारी स्कूलों में दाखिले को लेकर अभिभावकों की रुचि घट रही है। स्कूलों में दाखिले को लेकर दिखाई दे रही सुस्ती ने शिक्षा विभाग के सामने लक्ष्य पूरा करने की चुनौती खड़ी कर दी है। बीएसए लालचंद ने बताया कि गत वर्षों के मुकाबले नामांकन शीघ्र बढ़ जाएगा। यह रिपोर्ट तीन दिन पहले की है।

### न्यूज ब्रीफ

## सरकारी पेड़ पर चला आरा



**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली वन रेंज क्षेत्र में उमापुर-दुल्लापुर संपर्क मार्ग पर दुल्लापुर गांव के समीप सड़क किनारे खड़ा वर्षों पुराना सरकारी अर्जुन का विशालकाय पेड़ अज्ञात लोगों ने काट लिया। पेड़ की लकड़ी को पिकअप से ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर वन दरोगा नरेंद्र राव मौके पर पहुंचे। कुछ लकड़ी बरामद कर वन रेंज कार्यालय बसौढ़ी में जमा करा दी गई, जबकि पिकअप को छोड़ दिए जाने की चर्चा है। जिला वन अधिकारी प्रखर गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में है। संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## कूरेभार मार्ग का जल्द होगा चौड़ीकरण

**हैदरगंज, अमृत विचार।** भीटी से हैदरगंज होते हुए कूरेभार मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। इसके लिए विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। प्रतिनिधि अवनीश पांडेय ने बताया कि एमएलसी हरिओम पांडेय ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अंबेडकरनगर के भीटी बाजार से अयोध्या जिले के हैदरगंज होते हुए सुल्तानपुर जिले के कूरेभार तक लगभग 17 .170 किमी की सड़क को टू लेन सड़क बनाने की मांग की है। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है।

## चौपाल में दी योजनाओं की जानकारी

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों कोछा और जैनपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कोछा पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल में पंचायत सचिव यास्मीन बानों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। यहां पर कोई शिकायत नहीं आई। जन चौपाल में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि हेमंत यादव और पंचायत कर्मी मौजूद रहे। जैनपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम जन चौपाल में पंचायत सचिव धनंजय मौर्य, प्रधान कुलदीप निषाद और पंचायत कर्मी शामिल रहे। दोनों ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं रहा। नोडल अधिकारी भी नहीं पहुंचे। ग्रामीणों की संख्या भी काफी कम दिखाई दी। बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री का अभियान होने के चलते निर्धारित समय तक चौपाल में मौजूद नहीं रहे।

## चौपाल में नदारद रहे फील्ड कर्मचारी

**पूराबाजार, अमृत विचार :** ग्राम्य विकास विभाग से शुक्रवार को ब्लॉक के दो ग्राम पंचायतें समाहा कला व गंगौली में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पंचायत विभाग के अलावा अन्य विभागों के कर्मचारी नदारद रहे। समाहाकला में तो लेखपाल की अनुपस्थिति के कारण समस्या का निराकरण नहीं हो सका। समाहाकला पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान राजेश की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन हुआ। सचिव प्रीति जायसवाल ने बताया कि त्रिवेणी रावत ने जमीनी विवाद की शिकायत की लेकिन लेखपाल के अनुपस्थित के नाते निराकरण नहीं हो सका। इसी तरह अंकित कुमार ने जन्म प्रमाण पत्र व राम जगत ने परिवार रजिस्टर नकल की मांग किया जिसका त्वरित निराकरण कर दिया गया। गंगौली में ग्राम प्रधान अनिल तिवारी के अध्यक्षता में पंचायत भवन पर चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें सचिव रविकुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र के अर्हत इंटरनेशनल मॉन्टेसरी स्कूल में फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और बच्चों ने बताए गए सुरक्षा उपायों का पालन करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से नियमित रूप से इस तरह की गतिविधियां आयोजित करने की बात कही गई, जिससे बच्चों को आपदा के प्रति जागरूक बनाया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी रमन गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूकते कांग्रेस के पदाधिकारी।

## कांग्रेसियों ने फूंका असम के मुख्यमंत्री का पुतला

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य नेताओं के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला फूंका। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन नाराज कांग्रेसियों ने असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंक दिया। कांग्रेस कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। अपना विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री अपने पद की गरिमा के विरुद्ध आचरण कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां अत्यंत निंदनीय हैं। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करती है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस से लगाए गए सभी आरोपों की स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। विरोध में पीसीसी राम अवध पासी,पंकज सिंह,रुद्र प्रताप सिंह, नाजिश फातिमा, उमेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## विदेश में काम कर रहे दो युवकों की मौत से परिवारों में मातम

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रूदौली के रहने वाले विदेश में कार्यरत दो युवकों की आकस्मिक मृत्यु से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामसभा बारी के पर्सन पुरवा के सुरेंद्र लोधी पुत्र रामदेव लोधी रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में रह रहे थे। करीब 10 दिन पूर्व उनकी अचानक मृत्यु हो गई। पूर्व मंत्री अब्बास अली जैदी ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं ग्रामसभा मेहंदी के गंगादीन लोधी पुत्र सोहनलाल लोधी दुबई में कार्यरत थे। कुछ दिन पहले उनकी भी आकस्मिक मृत्यु हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक व्याप्त है। रुश्दी मियाँ वहां भी पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आर्थिक सहायता दी। एसडीएम संतोष कुमार भी पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।दोनों मृतकों के शव भारत लाने की प्रक्रिया तेज की जा रही है।

# उन्नत तकनीक अपनाकर बढ़ाएं उत्पादन

मिल्कीपुर, अयोध्या।



गोयड़ी स्थित पंचायत भवन में कृषक गोष्ठी को सम्बोधित करते जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर।

**अमृत विचार।** गन्ना विकास परिषद मसौधा द्वारा शुक्रवार को मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोयड़ी स्थित पंचायत भवन सभागार में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संयोजन गन्ना पर्यवेक्षक दिलीप श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव ने कहा कि गन्ना एक प्रमुख नकदी फसल है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

उन्होंने गन्ने के घटते क्षेत्रफल पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों से उन्नतशील प्रजातियों को अपनाने और वैज्ञानिक विधियों से खेती करने का आह्वान किया। साथ ही किसानों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राम प्रताप ने किसानों को गन्ना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के वैज्ञानिक डॉ. पंकज सिंह ने वैज्ञानिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खाली खेतों में ढैंचा जैसी फसल बोकर भूमि की उर्वरता बढ़ाने की सलाह दी। प्रगतिशील किसान विजय सिंह ने गन्ना खेती से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से रखा, जिनके समाधान का भरोसा अधिकारियों ने दिया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुर्गा बक्स सिंह कप्तान ने अतिथियों को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय गन्ना डायरेक्टर प्रतिनिधि नरसिंह, तुलसीराम यादव, अमित सिंह वैश, अमित श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

## निर्मल मन में परमात्मा का होता वास : आचार्य रमोज

**अयोध्या, अमृत विचार :** बेनीगंज में चल रही श्रीमद्भगवत कथा में कथा व्यास अयोध्या धाम के आचार्य रमोज जी वत्स महाराज ने कहा कि निर्मल मन में परमात्मा का वास होता है। कथा के तीसरे दिन गुरुवार को उन्होंने ध्रुव चरित्र सुनाते हुए कहा कि परमात्मा की सच्ची कृपा बच्चों पर होती है, क्योंकि उनका मन बहुत पवित्र व निर्मल होता है। भक्तों से कहा कि किसी के प्रति द्वेष व ईर्ष्या न रखें और न ही किसी का दिल दुखाएं।



सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करें। उन्होंने जीवन को धर्म, भक्ति व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इसके पूर्व मुख्य यजमान ओम प्रकाश पांडेय, पवन पाण्डेय व श्वेता पाण्डेय ने श्री राधा कृष्ण की आरती कर व्यास आचार्य रमोज जी का पूजन-अर्चन किया। इस मौके पर सीए संजय अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रवक्ता डॉ. शिव कुमार तिवारी, अशोक तिवारी, एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने कथा श्रवण का पुण्य लिया।



तीन कलश मंदिर में भगवान चित्रगुप्त आरती करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व समाज के लोग।

## सर्वसमाज ग्राही बनीं भगवान चित्रगुप्त की स्तुति आरती

**अयोध्या कार्यालय।** अयोध्या स्थित तीन कलश मंदिर भगवान चित्रगुप्त की भव्य आरती का साक्षी बना।अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने प्रत्येक गुरुवार को होने वाली आरती के क्रम में तीन कलश मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को आरती का आयोजन किया। यजमान की भूमिका में रहे महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व उनकी पत्नी राज लक्ष्मी त्रिपाठी ने भगवान चित्रगुप्त की आरती उतारी। इसके बाद सांसद अवधेश प्रसाद ने आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर ने संगठन के सभी साथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान की आरती का यह कारवां दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

## मिशन शक्ति से आसान होगी स्वावलंबन की राह

**कुमारगंज, विचार। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा मिशन शक्ति के तहत परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग द्वारा कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक के निर्देश पर विशेष अभियान पिठला ग्राम स्थित आशादेवी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. विभा परिहार ने कहा कि मिशन शक्ति प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। सह प्राध्यापक डॉ. पूनम सिंह ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह के संयोजन में आयोजित किया गया। इस मौके पर आशादेवी इंटर कॉलेज की छात्राएं, शिक्षिका एवं प्रधानाचार्या मौजूद रहीं।





कुमारगंज स्थित शिव सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में आग से बचाव की जानकारी देते दमकल कर्मी। अमृत विचार

## सिखाए आग से बचाव के उपाय

**कुमारगंज, अमृत विचार।** नगर पंचायत कुमारगंज स्थित शिव सेंट्रल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने शिक्षकों, कर्मचारियों व बच्चों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि छोटी-छोटी सावधानियों से बड़ी दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। टीम ने डेमो प्रस्तुत करते हुए सिलेंडर में लगी आग को फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) से बुझाकर दिखाया। सभी को अग्निशामक यंत्र के प्रयोग का प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लीडिंग फायरमैन रमाशंकर सिंह, चालक अखिलेश सिंह, प्रशांत दीक्षित, विकास यादव, प्रधानाचार्य विनोद पाण्डेय सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पत्रकार, उसके पुत्र और बहन को घर में घुसकर पीटा, केस दर्ज

मिल्कीपुर, अयोध्या।

- कई घंटे तक पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई, बाद में सीओ ने मौके पर पहुंचकर की जांच

**अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावासूफी गांव के पत्रकार गिरिजा प्रसाद शुक्ला (72) और उनके परिवार पर दबंगों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। घटना के कई घंटे बाद तक पुलिस कार्रवाई नहीं हुई। नाराज पत्रकारों के हस्तक्षेप के बाद शुक्रवार देर रात रिपोर्ट दर्ज की गई।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे गांव के अवधेश शुक्ल, उमेश शुक्ल, शिवाकांत, अमन शुक्ल व दो अज्ञात लोगों के साथ उनके घर पहुंचे। अवधेश शुक्ल ने गिरिजा प्रसाद शुक्ला का गला दबाया और आंख के नीचे मुक्का मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी जबरन घर में घुस आए और उनके पुत्र पुष्कर शुक्ला के साथ भी मारपीट की। बीच-बचाव करने आई बहन अनामिका के साथ अभद्रता करते हुए पीटा। हमलावरों ने घर में रखा गेहूं, चावल सहित अन्य खाद्यान्न बिखेर दिया। बर्तन, कुर्सी व चूल्हा तोड़ दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दी, लेकिन कई घंटों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब इसकी जानकारी स्थानीय पत्रकारों को हुई। बड़ी संख्या में पत्रकार थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। सूचना पर क्षेत्राधिकारी पियूष पाल मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच के बाद देर रात करीब 10 बजे पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सीओ ने बताया कि मामले में जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।



भाजपा कार्यकर्ता को माला पहनाते विधायक चंद्रभानु पासवान।

## स्वच्छता अभियान में शामिल हुए विधायक

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'ग्राम/बस्ती चलो अभियान' के तहत शुक्रवार को हैरिंगटनगंज ब्लॉक के राजस्व ग्राम सुल्तानपुर बसवार कला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर साफ-सफाई की और पदाधिकारियों के साथ गांव में जनसंपर्क कर लोगों से संवाद किया। आयोजन आदिलपुर सेक्टर प्रभारी करुणा शंकर तिवारी के नेतृत्व में दुर्गा माता मंदिर परिसर में किया गया। विधायक ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की योजनाएं पहुंचाना है। इस मौके पर उमाकांत पाठक, राहुल सिंह, बृजेश पांडेय, अशोक तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।



मड़ना में हनुमान मंदिर पर सफाई करते महानगर महामंत्री शिवेंद्र सिंह। अमृत विचार

## स्वच्छता अभियान में जुटे भाजपाई, सफाईकर्मियों का सम्मान

**पूराबाजार, अमृत विचार :** भाजपा के स्थापना दिवस पर चलाए गए स्वच्छता अभियान व सम्मान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हनुमान मंदिर मड़ना परिसर में महानगर महामंत्री व प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगुवाई में प्रधान ओम प्रकाश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने सफाई की। सफाईकर्मियों कोई सम्मानित किया। ग्रामीणों से अपील की कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। खुशहालगंज में नगर विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता, गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, महानगर महामंत्री हरिभजन गौड़, मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा आदि ने मां भगवती के मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। मुख्य अतिथि अमल गुप्ता ने गांव के प्रबुद्ध जनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व जिपं सदस्य शंभू नाथ सिंह, हरकेश सिंह, विजय प्रताप सिंह, मनोज पांडे आदि ने हनुमान मंदिर पूराबाजार परिसर में सफाई अभियान चलाया।

# अमरगंज में 84 कोसी परिक्रमार्थियों का स्वागत

**अयोध्या के साथ-साथ मथुरा, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, महाराष्ट्र व नेपाल सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु शामिल**

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** विहिप के हनुमान मंडल अयोध्या धाम द्वारा संचालित 84 कोसी परिक्रमा का जत्था शुक्रवार सुबह सिड़सिड़ में रात्रि विश्राम के बाद अमरगंज बाजार पहुंचा। जहां श्रद्धा और भक्ति के माहौल में परिक्रमार्थियों का स्वागत किया गया। आरएसएस के जिला बौद्धिक प्रमुख अरविन्द पाण्डेय के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ साधु-संतों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विधायक चंद्रभानु पासवान एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने भी परिक्रमार्थियों का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अमरगंज बाजार में पहुंचे लगभग 600



अमरगंज बाजार में जयश्रीराम का उद्घोष करते 84 कोसी परिक्रमार्थी।

साधु-संतों और गृहस्थ श्रद्धालुओं की बाजारवासियों ने भावपूर्वक सेवा की तथा उनके लिए भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की। दोपहर विश्राम के बाद सायं चार बजे परिक्रमा का जत्था पक्का तालाब, अमानीगंज स्थित रात्रि पड़ाव के लिए रवाना हुआ। मार्ग में संत नगर, सतनापुर एवं महात्मा गांधी चौराहे सहित विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने परिक्रमार्थियों का भव्य स्वागत किया। शाम लगभग सात बजे जत्था रात्रि विश्राम स्थल पहुंचा, जहां राम नाम संकीर्तन के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहा।

परिक्रमा में अयोध्या के साथ-साथ मथुरा, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, महाराष्ट्र एवं पड़ोसी देश नेपाल सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु शामिल हैं। अमरगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डासा की टीम द्वारा परिक्रमार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं वितरित की गईं।

परिक्रमा की अगुवाई कर रहे सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मार्ग में शौचालय, पेयजल एवं यात्री शेड जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव अभी भी महसूस किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, सर्वेश तिवारी, भवानी फेर मिश्र, उमानाथ पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

## सीताकुंड पर रात्रि विश्राम के बाद अगले पड़ाव के लिए रवाना

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या धाम की प्रसिद्ध 84 कोसी पारंपरिक परिक्रमा बृहस्पतिवार रात अपने सातवें पड़ाव स्थल बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के तोरोमाफी स्थित पौराणिक स्थल सीताकुंड पर रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह महंत गया दास के नेतृत्व में अगले पड़ाव स्थल के लिए रवाना हुई। भगौती नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना एवं श्रद्धालुओं द्वारा माल्यार्पण करके परिक्रमा में शामिल साधु संतों का स्वागत व जलपान व भोजन की भी व्यवस्था की। चवरढार ग्राम पंचायत ब्रह्मबाबा स्थल पर हंस योग आश्रम से जुड़े मानव उत्थान सेवा समिति शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा शिव सहाय कनौजिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, पूर्व प्रधान रामदीन कनौजिया, जितेंद्र गौड़, रामसागर जायसवाल आदि मौजूद रहे। वहां से परिक्रमा दोपहर में तहसील क्षेत्र के देवरिया पारा रुरुखास पहुंची। दोपहर विश्राम के बाद शाम को तहसील क्षेत्र के हनुमान मंदिर ढेमावैश्य गांव में अपने आठवें पड़ाव स्थल पर पहुंची। हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह परिक्रमा अपने नौवें पड़ाव स्थल आस्तीकन के लिए प्रस्थान करेगी।

## आयकर कार्यालय अधीक्षक बने मोहम्मद समीर का सम्मान



**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** नगर पंचायत बीकापुर के वार्ड संख्या एक निवासी मोहम्मद समीर ने एसएससी सीजीएल की परीक्षा पास करके आयकर ऑफिस सुपरीटेंडेंट का पद हासिल किया है। इसके पहले उन्होंने वर्ष 2022 में एसएससी सीजीएल की परीक्षा पास की थी। वर्तमान में वह डाक विभाग पासपोर्ट कार्यालय में तैनात हैं। उनका सपना यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएस बनना है। घर आने पर शुक्रवार शाम मोहम्मद समीर का परिजनों रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने मिष्ठान खिलाकर तथा माला पहनकर सम्मान व स्वागत किया। पिता शेर अली खेती किसानी करते हैं, माता मोहसिना बानो गृहिणी हैं। छोटी एक बहन है। मोहम्मद समीर ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण करके पढ़ाई करनी चाहिए।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

सुलतानपुर

# तेरहवीं भोज कार्यक्रम में ताबड़तोड़ फायरिंग

## निमंत्रण देने आई युवती को गाली देने पर हुए विवाद में पांच लोग घायल, एक गंभीर लखनऊ रेफर

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिगहुली गांव में गुरुवार को तेरहवी के भोज कार्यक्रम उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया, जब निमंत्रण देने गई युवती को पड़ोसी ने गाली गलौज दी। विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी ने फायरिंग कर दी जिसमें पांच लोग घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक गांव निवासी समरजीत यादव की पत्नी की तेरहवीं का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार और ग्रामीण भी एकत्रित हुए थे। समरजीत यादव की पुत्री प्रीति यादव पड़ोसी त्रिवेणी यादव व राजेश यादव को निमंत्रण देने गई थी। आरोप है कि राजेश यादव ने प्रीती को गाली गलौज दे दिया जिससे विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर राजेश यादव ने फायरिंग कर दी जिससे पांच लोग घायल हो गए। घायलों से दिलीप कुमार (32) पुत्र समरजीत यादव के सिर में गोली लगी जबकि प्रीती,संतोष कुमार यादव (36) पुत्र राजनारायण, निवासी लाला का पुरवा थाना खंडासा,योगेन्द्र उर्फ बब्लू (39) पुत्र भंडारीलाल, निवासी पूरे थानेदार,हरदोईया थाना कुमारगंज,दिव्यांश (21) पुत्र देवेन्द्र, निवासी बिगहुली घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने घायल दिलीप यादव की हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है विधिक कार्रवाई की जा रही है।



संतराम यादव के घर पसरा सन्नाटा।



जिला अस्पताल में घायलों का कराया गया इलाज। ● अमृत विचार

# मरघट निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त, कार्य पर लगाई रोक

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने मरघट निर्माण को लेकर वीरेन्द्र मिश्र द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कोर्ट ने प्रा. विद्यालय व आबादी के नजदीक मरघट निर्माण को प्रथम दृष्टया अनुपयुक्त मानते हुए संबंधित प्राधिकारियों को पुनर्विचार के निर्देश दिए हैं। खंडपीठ के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार गाटा संख्या 27, जो मरघट के लिए दर्ज है, एक प्रा. विद्यालय से मात्र 70 मीटर और आबादी से 150 मीटर की दूरी पर स्थित है। कोर्ट ने इस दूरी को देखते हुए इसे स्थानीय निवासियों के लिए अनुपयुक्त बताया।

कोर्ट ने डीएम, सुलतानपुर को निर्देश दिया है कि वह स्थल का निरीक्षण कर यह स्पष्ट करें कि उक्त स्थान पर मरघट निर्माण कितना उचित है, जबकि गाटा संख्या 7 के रूप में एक वैकल्पिक स्थान भी उपलब्ध बताया गया है। साथ ही ग्राम सभा व प्रधान से भी इस संबंध में स्पष्ट कारण प्रस्तुत करने को कहा गया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक गाटा संख्या 27 पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है। मामला लंभुआ तहसील के भदैंया विकास खंड के मिश्रपुर पुरैना गांव से जुड़ा है।

**श्री शंकर जी पीजी कालेज**
**मठिया, अम्बेडकर नगर**

**आवश्यकता है**

प्राचार्य 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमानः यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क स्थापित करें।

भवदीय
समर विजय सिंह
मो0नं0– 9415240762

## न्यूज ब्रीफ

### जेल में निरुद्ध अपहरण के आरोपी को राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के कमरौली थानाक्षेत्र एक गांव से दो माह पूर्व शादी का झांसा देकर लड़की के अपहरण के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी मनीष यादव को फास्ट ट्रैक कोर्ट जज राकेश की अदालत ने राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली। आरोपी के वकील रणशेर सिंह ने बताया किशोरी के परिजन की तहरीर पर बीती 25 फरवरी की कथित घटना में केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने व उपलब्ध पीड़िता व गवाहो के विरोधाभासी बयान के चलते आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

### पूर्व मंत्री के केस में सुनवाई 16 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए की स्पेशल सेशन कोर्ट में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे हत्या के मुकदमे में शुक्रवार को आरोपियों के बयान नही दर्ज हो सके। कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए 16 अप्रैल की तारीख नियत की है। अमेठी जिले के जगदीशपुर के पूरे मतऊ गौरा निवासी शिवकुमार यादव ने सात अप्रैल 2001 की घटना बताते हुए अपने भाई राजकुमार यादव की साजिशन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले मे पूर्व मंत्री जंग बहादुर, रामविलास, अशोक कुमार व विजय बहादुर आरोपी है।

### बीमा कंपनी को 15.20 लाख रुपये भुगतान का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष राधेश्याम यादव व सदस्य मृदुला राय और रमेश चन्द्र यादव की पीठ ने बीमा कंपनी को मृतक के आश्रित के पक्ष में 15 .20 लाख रुपये भुगतान करने का आदेश दिया है। मामले के अनुसार कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के नरायनपुर जनऊपुर निवासी गिरजावती उर्फ गिरजावती के पति स्व0 दान बहादुर यादव की 10 अक्टूबर 2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मृतक के नाम पर महिन्द्रा ट्रैक्टर बीमित था, जिसकी व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा राशि 15 लाख रुपये थी। वादिनी ने बीमा कंपनी को सभी आवश्यक सूचनाएं और दस्तावेज उपलब्ध कराए, बावजूद इसके क्लेम का भुगतान नहीं किया गया।

### जानलेवा हमले के आरोपी को राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआकला थानाक्षेत्र के बबूरी में कार्यक्रम के दौरान बम से हमला करने के हरदो। दाउदपुर निवासी आरोपी विष्णुप्रभाकर को अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय को सुनने के बाद सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। बीती 25 फरवरी की घटना में बबुरी अलीगंज निवासी आरती सिंह ने बरीक्षा कार्यक्रम में आयोजित रामायण पाठ के दौरान की घटना में बम से हमला करने के आरोप में विष्णुप्रभाकर , आशीष पांडेय, ध्रुव तिवारी , उज्ज्वल सिंह व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### सरकारी पेड़ों पर चला आरा, केस दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** वनरक्षक रेखा सिंह के अनुसार इसौली बीट क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान 7 अप्रैल को जांच के दौरान पेड़ों के कटान के निशान मिले। पता चला कि बरासिन गांव निवासी सुरेंद्र निषाद व शुभम यादव ने चोरी से पेड़ों को काटकर लकड़ी छिपा रखी थी। वन विभाग की तहरीर पर बल्दीराय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति और ससुर को आठ साल कारावास

● न्यायालय ने 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के मुंशीगंज थानाक्षेत्र के ग्राम शोभा पांडेय का पुरवा में 11 साल पूर्व विवाहिता खुशबू से चारपहिया के लिए पांच लाख रुपए की मांग को लेकर दहेज उत्पीड़न कर हत्या के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश राकेश की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी पति अतुल पांडेय व ससुर अनिल पाण्डेय को 8 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 10 -10 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है।

थानाक्षेत्र संग्रामपुर के टीकरमाफी रानीपुर निवासी वादी शिवबरन पाण्डेय ने अपनी भतीजी खुशबू की शादी 14 फरवरी 2012 को मुंशीगंज थानाक्षेत्र के शोभा पांडेय का पुरवा निवासी अनिल पाण्डेय के पुत्र से किया था। आरोप था कि शादी के बाद दहेज के लिए चार पहिया वाहन के लिए पांच लाख रुपए की मांग को लेकर उसे ससुराल वाले प्रताडित करते थे तथा 4 जून 2015 को उसकी हत्या कर दी। तहरीर पर दर्ज हुए केस में पति अतुल पांडेय, ससुर अनिल पाण्डेय, देवर विद्याधर, जेठ विकास, जेठानी मंजू व सास ऊषा को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने तफ्तीश के बाद सभी छह आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट में दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी दान बहादुर वर्मा व वादी के वकील पुरुषोत्तम यादव ने गवाहो की गवाही दर्ज कराई। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति व ससुर को आठ साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। वहीं कोर्ट ने जेठ, देवर, जेठ जेठानी व सास को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

### महिला आरक्षी दुष्कर्म मामले में आया नया मोड़ इंस्पेक्टर पर दबाव बना सुलह करने का आरोप

● पीड़िता ने कोर्ट में दी अर्जी, सुनवाई 17 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** महिला आरक्षी से दुष्कर्म के चर्चित मामले में आरोपी इंस्पेक्टर नीशू तोमर से जुड़े मामले में शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में नया मोड़ आ गया। पीडिता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया पीड़िता ने इंस्पेक्टर तोमर पर आरोप लगाते हुए कोर्ट में अर्जी दी है कि मुकदमें में सुलह करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे वह अवसाद ग्रसित हो गई है तथा सुसाइड करने को मजबूर हो गई है। कोर्ट ने पीड़िता की अर्जी पर आरोपी की तरफ से जवाब दाखिल करने का अवसर देते हुए सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। गौरतलब है कि 14 जुलाई 2022 को हलियापुर थाने में तैनाती के दौरान एक महिला आरक्षी ने इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न तथा दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### राणा अजीत समेत तीन की जमानत पर सुनवाई टली, अब 16 अप्रैल को

अखंडनगर थानाक्षेत्र के कल्यानपुर गांव में हुए चर्चित गोलीकांड मामले में बीज निगम के पूर्व चेयरमैन राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह व आरोपी विक्कू सिंह उर्फ शिवा सिंह की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा व रणजीत सिंह त्रिशुंडी ने बताया अभियोजन द्वारा समय लिए जाने के कारण अदालत ने सुनवाई 16 अप्रैल तक स्थगित कर दी। जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने सह-आरोपी प्रवेश सिंह, दुर्गेश दूबे, विनय सिंह की जमानत पर 13 अप्रैल तथा नमित सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी पर भी 16 अप्रैल की तिथि पूर्व से नियत कर रखी है। मामला 15 मार्च की सुबह का है, जब वादी जिलाजीत यादव ने जमीन विवाद को लेकर पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह व अन्य पर हमला और फायरिंग का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में वादी पक्ष के करीब एक दर्जन लोग घायल हुए थे।

पुलिस अब तक राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह सहित कई आरोपियों को जेल भेज चुकी है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मामले में कुछ आरोपियों को पूर्व में जमानत मिल चुकी है, शेष की अर्जी पर सुनवाई लंबित है।

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी मुठभेड़ में बंदी

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को गुरुवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव की है, जहां एक किशोर पर नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगा था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए चार टीमें गठित की गई थीं। गुरुवार रात सूचना मिली कि आरोपी पखरौली रेलवे क्रॉसिंग ब्रिज के नीचे छिपा है। पुलिस की घेराबंदी के दौरान आरोपी ने फायरिंग कर दी, जिस पर जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

### शॉर्ट सर्किट से 5 बीघा गेहूं की फसल जली

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के पूरेकिरता गांव में शुक्रवार दोपहर बिजली के तार यूकेलिप्टस के पेड़ से टकराने पर हुए शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। खेतों में काम कर रहे लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई, जिससे आसपास की फसल बचाई जा सकी। किसान मंगल यादव के अनुसार उनकी करीब दो बीघा फसल जल गई, जबकि घेराऊ, लल्लन, पप्पू, सूर्य प्रकाश सिंह, धर्मराज सहित कई किसानों का गेहूं और भूसा भी जल गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में सहयोग किया। देर से पहुंची फायर ब्रिगेड ने शेष आग पर काबू पाया।

# फर्जी वसीयत से पैतृक जमीन हड़पने का लगाया आरोप

● परिजनों के कोर्ट की शरण लेने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पैतृक संपत्ति विवाद में फर्जी वसीयत के जरिए जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के गोराबारिक गांव निवासी मो. सैफ खां ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अपने ही रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मो. सैफ खां के अनुसार, उनके परदादा जौवाद हुसैन की संपत्ति को उनके चाचा और अन्य लोगों ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर खुश्की वसीयत बना ली और पूरी जमीन अपने नाम करा ली। इस दौरान वह नाबालिग था, जिससे उसे इस साजिश की जानकारी नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई के दौरान हस्ताक्षर की जांच कराई गई, जिसमें विशेषज्ञ की रिपोर्ट में वसीयत पर हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। आरोप है कि इस षड्यंत्र में गवाहों की भी मिलीभगत रही और सभी ने मिलकर अनुचित लाभ उठाने की कोशिश की। पहले कोतवाली नगर फिर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कोतवाली नगर पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिया है। कोतवाल संदीप कुमार राय ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

# मेडिकल कॉलेज में आंख के मरीजों की बढ़ी भीड़

● शुक्रवार को 1532 मरीजों का हुआ रजिस्ट्रेशन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे-वैसे लोगों की सेहत पर भी इसका असर साफ दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में कुल 1532 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया, जिसमें आंख विभाग में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली।

आंख विभाग में ओपीडी कर रहीं डॉ. सरिता वर्मा ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल की कटाई का काम जोरों पर चल रहा है। खेतों में काम करने के दौरान धूल, भूसा और छोटे-छोटे कण आंखों में चले जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा कई मामलों में आंख में चोट लगने की वजह से अल्सर के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद के मरीज तो नियमित रूप से आते ही हैं, लेकिन मौजूदा मौसम में संक्रमण और चोट के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। डॉ. वर्मा ने मरीजों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि फसल कटाई के दौरान विशेष सावधानी बरतें। आंखों को सुरक्षित रखने के लिए चश्मे का उपयोग करें और धूप व धूल से बचाव करें। उन्होंने यह भी कहा कि आंखों में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

# हिमंत विस्वा के बयान पर कांग्रेस बिफरी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा के विवादित बयान के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के पास राजीव गांधी तिकोनिया पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुलिस को चकमा देकर पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा के खिलाफ की गई टिप्पणी की निंदा की गई। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, नि. राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी, सुब्रत सिंह सनी सहित अतहर नवाब, रणजीत सिंह सलूजा, मोहित तिवारी, मानस तिवारी, अम्बरीष पाठक, हामिद राइन, अनवर शाही, जनेश्वर उपाध्याय, सुरेश चंद्र मिश्रा, अखंड मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी, अजय मिश्रा, शीतला साहू समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने बयानबाजी को लोकतंत्र की गरिमा पर हमला बताते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।



पुतला दहन करते कांग्रेस के पदाधिकारीगण। ● अमृत विचार

● जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में हुआ पुतला दहन

मातम

मराठा रेजिमेंट ने निकाली शव यात्रा, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

# सैन्य सम्मान के साथ हुई बलिदानी अखिलेश की अंत्येष्टि

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कुड़वार विकास खंड क्षेत्र के मझना गांव के लाल अखिलेश शुक्ल देश सेवा करते हुए शहीद हो गए। अखिलेश शुक्ल को शुक्रवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और अंतिम दर्शन के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

बताया जा रहा है कि 28 मार्च को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जनपद के त्रेहगाम में तैनाती के दौरान उन्हें गोली लगी थी। गंभीर हालत में उन्हें नई दिल्ली के एसआर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां 7 अप्रैल को उन्होंने अंतिम सांस ली। शुक्रवार सुबह जैसे ही शहीद का शव उनके पैतृक गांव मझना पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। मां सीमा, बहन प्रियंका,शिवानी, और सेवा निवृत्त सैनिक राधे कृष्ण शुक्ला के इकलौते बेटे अखिलेश शुक्ला के शहीद जाने पर पिता पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी।



अंतिम विदाई देते सेना के अधिकारी व इनसेट में अखिलेश शुक्ल की फाइल फाटो।

### सैनिक सम्मान के साथ निकली अंतिम यात्रा

अयोध्या के डोगरा सेंटर से आए मराठा रेजिमेंट के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ शव यात्रा निकाली। अंतिम संस्कार स्थल पर पिता राधेकृष्ण शुक्ला ने पुष्पचक्र अर्पित कर बेटे को श्रद्धांजलि दी और मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। एसडीएम सदर, सीओ सिटी,भाजपा,एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, नेता ओम प्रकाश पाण्डेय, मनीषा पांडेय ,संजय सिंह त्रिलोकचंद्र, अखिलेश तिवारी सहित कई अधिकारी पहुंचे और शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की। अयोध्या से आए आए डोगरा रेजिमेंट के कैप्टन आशीष दहिया और यूनिट से आए सूबेदार प्रशांत तिवारी ने सैनिक सम्मान के साथ शव को चिता के पास पहुंचाया, हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने "भारत माता की जय" के नारों के साथ अपने वीर सपूत को विदा किया।

### पूर्व सैनिकों ने दी सलामी, स्मारक की उठी मांग

पूर्व सैनिक सेवा परिषद काशी प्रांत अध्यक्ष रेवती रमण तिवारी के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने शहीद को सलामी दी। सैनिक कल्याण बोर्ड सुलतानपुर के पवन सिंह,गौरी शंकर शर्मा,लक्ष्मी नारायण,सुदीप मिश्रा,आशिक सिंह,उमाशंकर त्रिपाठी,राणा प्रताप सिंह,अमर जीत दुबे,हरिनाथ मिश्रा,ज्ञान प्रकाश मिश्र,विनायक तिवारी,विनय तिवारी आदि ने श्रद्धांजलि दी।

### जश्ने वारिस पाक 25 को खुर्शीद क्लब मैदान में होगा

**सुल्तानपुर, अमृत विचार :** हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश देने वाले जश्ने वारिस पाक कार्यक्रम का आयोजन अब 25 अप्रैल को खुर्शीद क्लब मैदान में रात्रि आठ बजे से किया जाएगा। पहले यह कार्यक्रम एक अप्रैल को प्रस्तावित था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर नई तिथि घोषित की गई है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रसिद्ध कव्वाल वारिस पाक की शान में कलाम पेश करेंगे और कौमी एकता का संदेश देंगे। साथ ही कई सूफी-संत और विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। आयोजक मोबीन अहमद वारसी, गुड्डू भाई खान टेलर्स और गुलाम मोईनुद्दीन ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम संतराम पुत्र दादू पता ग्राम नोनापुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम संतराम पुत्र दादू को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **संतराम पुत्र दादू निवासी नोनापुर कानपुर देहात**

**सूचना**
मैं **सरोज शर्मा पुत्र सोनेलाल शर्मा निवासी मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर**, मैंने अपनी पुत्री नीलाक्षी शर्मा से संबंध विच्छेद कर चल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक और अनैतिक कार्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई भी लेना–देना नहीं होगा।

**सूचना**
मेरी कक्षा 11 एफ 1 संस्थान वर्ष 2020 की अंक तालिका अनुक्रमांक 1098 534 एग्रीकल्चर यूपी बोर्ड प्रयागराज वास्तव में खो गई है। **पंडित भगवती प्रसाद शुक्ला इंटर कालेज करिया झाला झींझक कानपुर देहात आशीष कुमार पुत्र अशोक बाबू ग्राम नार खुर्द परगना व तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात**

**सूचना**
मैं **प्रिया पाण्डेय, पुत्री स्व0 संतोष कुमार पाण्डेय, निवासी 193 जगतपुरी, पुराना शिवली रोड, कल्याणपुर,कानपुर नगर**, मैंने अपनी 10वीं ICSE) एवं 12वीं (ISC) की परीक्षाएँ Bishop Westcott School, Civil Lines, Kanpur Nagar से क्रमशः वर्ष 2013 एवं 2015 में उत्तीर्ण की हैं कि मेरी उपरोक्त परीक्षाओं की मूल मार्कशीट/सर्टिफिकेट वास्तव में खो गए हैं।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SANJAY KUMAR SINGH था मैने अपना नाम बदलकर SANJAY SINGH RATHORE रख लिया हूँ। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SANJAY SINGH RATHORE S/0-SHIV KUMAR SINGH **निवासी– मकान नंव–988 बी बलाक पनकी पनकाबहादुर नगर कानपुर नगर (उ0प्र0)**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAVI SHANKAR PANDEY था से बदलकर RAVI SHANKER PANDEY हो गया है। अब मुझे RAVI SHANKER PANDEY के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-PUNIT KUMAR PANDEY ADD-NEAR SHRI MARRIAGE HALL MOOR GHAT ROAD KATRA CHUNGI POST-ITI DIST-BASTI-272001 (U.P.)

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड नंबर 296195356567 में त्रुटिवश मेरा नाम मनोज कुमारी, जन्मतिथि 01/01/ 1994 व पिता का नाम शिव राम सिंह चौहान दर्ज है। मेरा सही नाम काव्या चौहान पुत्री शिवराम सिंह चौहान जन्म तिथि 28/06/ 2004 है। जो सही है। **काव्या चौहान पुत्री शिवराम सिंह चौहान निवासी-दौलतपुर (ठठिया) कन्नौज**

**सूचना**
कु. मन्जू पुत्री रामअशीष ग्राम चकेसर पो0 रसूलपुर जनपद मऊ। मेरी आग्जिलयरी नर्स मिडवाइफ प्रमाण पत्र सर्टिफिटेक नं. 36280 रोल नं0– 122713262 अप्रैल 2013 है एवं रजिस्टेशन नं. 27611 ट्रेनिंग पीरियड अक्टूबर 2011 से अप्रैल 2013 है कही खो गया है।

**सूचना**
हम **अय्यूब पुत्र गुलाम व जुबेदा खातून पत्नी अय्यूब निवासी ग्राम–बसारा, परगना व तहसील फतेहपुर, जनपद–बाराबंकी** चूंकि हमारे पुत्र तौकीर का चाल–चलन अच्छा व सभ्य हो गया है इसलिए समाचार पत्र अमृत विचार 04–07–2024 में प्रकाशित अपने पुत्र तौकीर की बेदखली की सूचना का हम लोग खण्डन करते है, हमारा पुत्र तौकीर समस्त चल–अचल सम्पत्ति में उत्तराधिकारी है तथा सभी पर समान हक व अधिकार निहित है

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मै **रामतीरथ पुत्र रामगनेश निवासी ग्राम हाजीपुर बरसेंडी, ब्लाक सोहावल ,तहसील सोहावल,जिला अयोध्या** का निवासी है। मुझे आवश्यक कार्य हेतु अपने जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मेरा जन्म घर पर ही हुआ है मेरी वास्तविक जन्मतिथि दिनांक 02 /03/1970 है माता का नाम जुगुना है तथा पिता का नाम राम तीरथ है। इसलिए मै जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहता है। इसके पूर्व मेरा कोई जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है। **रामतीरथ पुत्र रामगनेश निवासी ग्राम हाजीपुर बरसेंडी ब्लॉक सोहावल तहसील सोहावल जिला अयोध्या**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अनु कश्यप का नाम सुकन्या समृद्धि खाता संख्या 3161483538 डाक घर तेरवा सिधौली में गलती वश अनु हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम अनु कश्यप है। **रमेश कुमार निवासी– प्लॉट नं0 859 खसरा नं0 1415 जेहटा बरवां कालोनी लखनऊ।**

**NOTICE**
I, Krishan Kumar Negi S/o Madan Singh R/o- L-II/234, Sector-G, L.D.A. colony, Kanpur Road Lucknow- 226012 have changed my name and shall hereafter be known as KRISHAN KUMAR.

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **बिमला उम्र लगभग 58 वर्ष पत्नी ओम प्रकाश निवासी एकता कालोनी रोहतक हरियाणा हाले निवास राज कुमारी पुत्री राम दुलारे निवासी सोहावल जिला अयोध्या** है। मेरा नाम राज कुमारी पुत्री राम दुलारे है। विवाह के समय भी मेरा नाम राज कुमारी था जो कि रोहतक में अपने पति ओम प्रकाश के साथ एकता कालोनी रोहतक हरियाणा में रहती है। मेरा आधार कार्ड संख्या 3045 2349 6549 में मेरा पुराना नाम बिमला अंकित है। जबकि सही नाम राज कुमारी है। इसलिए बिमला और राज कुमारी दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। यानी शपथी ही बिमला और राज कुमारी दोनों एक ही है। प्रार्थी द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतया सही है।

**सूचना**
हम **मृत्युजय वर्मा पुत्र राजेश कुमार वर्मा एवं बृजेश कुमार वर्मा निवासीगण –सी–725 इन्दिरा नगर लखनऊ उ0प्र0**, उक्त पते के निवासी है तथा उक्त मकान आवास विकास परिषद से आवंटित है। यह कि हमारा उक्त मकान का आवंटन प्रमाण पत्र एवं पजेशन पत्र वास्तव में कही खो गया है जो कि काफी प्रयास होने के बाद भी नहीं मिला है।

# 10 वर्ष तक सिस्टम से लड़ते रहे रंजीत, जान देकर चुकाई कीमत

## लापरवाह बने रहे बिजली विभाग के अधिकारी, चेतावनी के बावजूद भी नहीं हटाया गया जर्जर तार, अनसुनी करते रहे मांग

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के पथवलिया गांव में बिजली के हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से युवा पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत ने बिजली विभाग के पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा कर दिया है। सिस्टम की इस सड़ांध ने न सिर्फ एक युवा पत्रकार की जान ले ली, बल्कि एक हंसते-खेलते परिवार से उसका सहारा भी छीन लिया है। सिस्टम का तात्पर्य उस जन सुनवाई से भी है जिसका पूरे प्रदेश में ढिंढोरा पीटा जाता है। घर के उपर से गुजर रहे बिजली की इस हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग को लेकर युवा पत्रकार रंजीत तिवारी लगातार 10 साल तक इस सिस्टम से लड़ते रहे लेकिन अधिकारी उनकी मांग को अनसुना करते रहे। अफसरों के लापरवाही की कीमत रंजीत को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। शुक्रवार को हुई इस हृदय विदारक घटना की खबर जिसने भी सुनी वह बिजली विभाग के अधिकारियों को कोसता नजर आया।

पथवलिया गांव के रहने वाले रंजीत तिवारी के घर के ठीक सामने ही प्राथमिक विद्यालय है जहां सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन पढाई करते हैं। रंजीत के घर और विद्यालय के ठीक ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन का तार निकला है। इस लाइन के तार बेहद जर्जर हालत में हैं। इन तारों को हटाने के लिए विद्यालय के शिक्षकों व ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों के सामने रखा और तार को हटाने की मांग उठाई लेकिन अधिकारी बेखबर बने रहे। पत्रकार रंजीत तिवारी इन तारों को हटाने के लिए पिछले 10 साल से लड़ाई लड़ रहे थे। अफसरों को संभावित खतरे से आगाह कर रहे थे लेकिन बिजली विभाग से सड़े सिस्टम ने रंजीत समेत अन्य लोगों की आवाज को अनसुना कर दिया। शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 बजे जब रंजीत दफ्तर जाने के लिए तैयार हो रहे थे तभी उनके घर के पीछे लगे पेड़ से बिजली का तार टकराने लगा और उसमें से चिंगारी निकलने लगी। पीछे गांव के कुछ बच्चे खेल रहे थे। यह देखकर रंजीत उन बच्चों को सचेत करने घर के पीछे चले गए। वह बच्चों को वहां से हट जाने के लिए कह ही रहे थे कि तार अचानक टूटकर रंजीत के ऊपर गिर पड़ा और वह तारों में उलझकर गिर पड़े। घर के लोग कुछ समझ पाते इसके पहले ही काल के क्रूर पंजे ने रंजीत को दबोच लिया। रंजीत तार हटवाने के लिए 10 साल तक सिस्टम से लड़ते रहे लेकिन अधिकारी हादसे का इंतजार करते रहे। अफसरों की लापरवाही और इस सड़े सिस्टम से लड़ते हुए शुक्रवार को रंजीत अपना जीवन गंवा बैठे। इस घटना के बाद अब तार भले ही हट जाए लेकिन उस परिवार का सहारा कौन बनेगा जिसके घर का बेटा चला गया। रंजीत तिवारी की मौत ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। आरोप है कि अगर समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान दिया गया होता तो आज रंजीत जिंदा होते।



घटनास्थल पर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### जिला जज व डीएम-एसपी ने परिजनों को बंधाया ढाढ़स

**गोंडा, अमृत विचार :** हादसे की खबर पर जिला जज दुर्ग नारायण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व एसपी विनीत जायसवाल पथिवलिया पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अफसरों ने पीडित परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान परिवार के लोगों ने जिला जज से घटना का स्वत: संज्ञान लेकर बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### हादसे की जांच करेगी चार सदस्यीय टीम

**गोंडा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। जांच टीम में सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, सीओ सिटी व चीफ इंजीनियर को शामिल किया गया है। डीएम ने कहा कि रिपोर्ट मिलने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### तार हटाने के लिए मांगे जा रहे थे एक लाख रुपये

**गोंडा, अमृत विचार :** रंजीत की मौत के बाद उनके परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि विद्युत लाइन हटाने के नाम पर विभागीय कर्मचारियों द्वारा करीब एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। वह रकम नहीं दे सके और उनकी समस्या जस की तस बनी रही।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### पत्नी और बुजुर्ग मां बदहवास, सदमे में बच्चे

**शिवअंकम ओझा, गोंडा, अमृत विचार :** रंजीत तिवारी की असमय मौत ने न सिर्फ एक परिवार का सहारा छीन लिया, बल्कि पूरे गांव को झकझोर दिया है। उनके घर का हर कोना आज सिसकियों और चीखों से गूंज रहा है। सबसे ज्यादा दर्दनाक स्थिति उनके मासूम बच्चों और पत्नी पूजा की है, जिनका रो-रोकर हाल बेहाल हो गया है। रंजीत अपने पीछे सात वर्ष की बेटी पूर्णिमा, चार साल का बेटा आर्यन और महज डेढ़ साल का मासूम बेटे विराट को छोड़ गए हैं। पूर्णिमा, जो कक्षा दो में पढ़ती है, बार-बार अपने पिता को पुकार रही है। उसे समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर पापा अचानक कहां चले गए। वहीं चार साल का आर्यन और डेढ़ साल का विराट इस गहरे दुख को समझने की उम्र में नहीं हैं, लेकिन घर का माहौल देख वे भी सहमे और उदास हैं। पत्नी पूजा की हालत सबसे ज्यादा दयनीय है। वह बार-बार बेहोश हो जा रही हैं और रोते हुए सिर्फ यही कह रही हैं कि अब बच्चों का सहारा कौन बनेगा। परिवार और रिश्तेदार उन्हें संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस गहरे दुख के आगे हर दिल टूटता नजर आ रहा है। रंजीत की मां भी बेटे को खोने के गम में बदहवास हैं। काल के क्रूर हाथों ने उनके बुढ़ापे का सहारा छीन लिया है। उनके अचानक चले जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में मातम पसरा हुआ है, हर कोना उनकी यादों से भरा हुआ है। रंजीत की अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। सभी की जुबां पर एक ही बात थी, इतनी कम उम्र में इस दुनिया से जाना, एक अपूरणीय क्षति है ।स घटना ने हर किसी को भावुक कर दिया है। गांव और आसपास के लोग लगातार परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। हर आंख नम है और हर जुबां पर एक ही सवाल आखिर इन मासूमों का भविष्य अब कैसे संवर पाएगा।



टूटे पड़े बिजली के तार को देखते लोग।

### चार साल के मासूम ने दी पिता को मुखाग्नि

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के युवा पत्रकार रंजीत तिवारी की असमय मौत ने हर किसी को गहरे सदमे में डाल दिया है। उनके निधन की खबर जैसे ही फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लेकिन सबसे मार्मिक और हृदय विदारक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब उनके चार साल के मासूम बेटे आर्यन ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। टेढ़ी नदी किनारे पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। मासूम आर्यन को शायद यह भी नहीं समझ में आ रहा था कि वह क्या कर रहा है। वह सिर्फ अपने बड़ों के कहने पर अपने पिता के पार्थिव शरीर के पास गया और कांपते हाथों से मुखाग्नि दी। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद हर शख्स फफक पड़ा। लोगों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।

### जनप्रतिनिधियों, संगठनों व पत्रकारों ने जताया शोक

**गोंडा, अमृत विचार :** इस हृदयविदारक हादसे पर जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों व पत्रकारों ने गहरा शोक जताया है। समाजवादी पार्टी के नेता सूरज सिंह घंटों तक पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रहे। छात्र संघ के निवर्तमान अध्यक्ष उमेश शुक्ला, परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी, कैलाश नाथ वर्मा, अरुण कुमार मिश्र, रमन मिश्रा, धनंजय तिवारी, राजकुमार सिंह, प्रदीप तिवारी, देवमणि त्रिपाठी, अतुल कुमार यादव, अनुराग सिंह, अंचल श्रीवास्तव, विजय शंकर शुक्ला, प्रदीप मिश्र, एस एन शर्मा, संजय तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग पीडित परिवार के बीच पहुंचे और हादसे पर दुख जताया।

# अंतिम मतदाता सूची जारी 22.15 लाख वोटर दर्ज

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद की सभी सात विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची शुक्रवार को प्रकाशित कर दी गई। 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए हुए विशेष पुनरीक्षण के बाद सूची जारी की गई।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार 6 जनवरी से 6 मार्च तक प्राप्त दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया गया। जनपद में कुल 22,15,630 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 12,13,713 पुरुष, 10,01,868 महिलाएं और 49 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि अंतिम नामावली एक सप्ताह तक तहसील व संबंधित कार्यालयों में निःशुल्क निरीक्षण को उपलब्ध रहेगी। साथ ही इसे आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने लोगों से अपने विवरण का सत्यापन करने और त्रुटि मिलने पर नियमानुसार सुधार कराने की अपील की है।

## ओवरब्रिज की स्वीकृति पर लोगों ने जताई खुशी

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रयास से नवाबगंज-उतरौला मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 245 पर ओवरब्रिज निर्माण की रेल मंत्रालय से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की खबर प्रकाशित होते ही शुक्रवार को लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। त्रिपुरारि चौराहा के पास नपं अध्यक्ष दुर्गेश सोनी की अगुवाई में लोग एकत्रित हुए और पीएम मोदी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के जयकारे के साथ मिठाई बांटी। इस मौके पर दृगपाल चोपड़ा, जवाहरलाल, अतुल गुप्त, वैभव सिंह, विकास हांडा, प्रेमचंद चौहान, अब्दुल मन्नान, राजकुमार पटवा, पंकज आदि थे।

# छात्र पंचायत का लखनऊ में प्रदर्शन

● निजी स्कूलों में फीस, किताब-ड्रेस में कमीशनखोरी पर रोक की मांग

**गोंडा, अमृत विचार:** निजी स्कूलों की मनमानी फीस और शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण के विरोध में राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से आए छात्रों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बार-बार ज्ञापन और पत्र देने, यहां तक कि खून से पत्र लिखकर भेजने के बावजूद प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की। मांग पत्र में शिवम पांडेय ने निजी स्कूलों द्वारा प्रतिवर्ष की जाने वाली फीस वृद्धि पर रोक लगाने को अध्यादेश लागू करने, किताबों और ड्रेस को खुले बाजार में उपलब्ध कराना अनिवार्य किए जाने व जिला स्तर पर छात्र-अभिभावक फोरम का गठन की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने सरकार को एक महीने का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि तय समय में कार्रवाई न होने पर आंदोलन चलाया जाएगा।



पुलिसकर्मी को मांगपत्र देते छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय व अन्य।

# भाजपा ने दोहराया विकास का संकल्प

गांव चलो अभियान

**नवाबगंज , गोंडा, अमृत विचार:** भाजपा ने स्थापना दिवस पर 'गांव चलो अभियान' के तहत चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और 2027 में पुनः सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के नगवा, मंहगूपुर और कल्याणपुर के पंडित पुरवा में आयोजित चौपाल में विधायक रमापति शास्त्री ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने और हर गांव तक पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया।इ स दौरान विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे, जनार्दन दूबे, रवि श्रीवास्तव और चंदन श्रीवास्तव आदि थे।वहीं तरबगंज के तुलसीपुर माझा और लौव्वाबीरपुर में विधायक प्रेमनारायण पांडेय ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। कार्यक्रम में तुलसीपुर माझा के प्रधान प्रतिनिधि लालजी सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विष्णु पांडेय, गिरिजेश त्रिपाठी 'लल्लू', मनोज तिवारी, विनोद तिवारी, धर्मेंद्र पांडे, वेदप्रकाश दूबे, जनार्दन दूबे, रवि श्रीवास्तव और चंदन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



चौपाल को संबोधित करते विधायक प्रेम नारायण पांडे व मौजूद अन्य।

## किसानों से जल्द गन्ना आपूर्ति की अपील

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मनकापुर चीनी मिल दतौली यूनिट के अधिशासी अधिकारी अजय दुबे ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि मिल गेट पर शुक्रवार से गन्ने की खुली खरीद शुरू कर दी गई है। गन्ने की उपलब्धता को देखते हुए अनुमान है कि 12 अप्रैल को पेराई कार्य समाप्त होने के बाद पेराई सत्र 2025-26 के लिए मिल को अंतिम रूप से बंद कर दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की है कि वे 12 अप्रैल रविवार तक अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल में पहुंचा दें, ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो।

# स्कॉर्पियो से बकरी चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, 4 बंदी

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में लगातार हो रही बकरी चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना वजीरगंज पुलिस और एसओजी, सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से छह चोरी की बकरियां, घटना में प्रयुक्त दो स्कॉर्पियो वाहन और 23,800 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

दुर्जनपुर घाट से कोडर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर रफीक, शकील, शमसुद्दीन और रहीश को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों ने बताया कि वे गिरोह बनाकर रात के समय घरों के बाहर बंधी बकरियों की रेकी कर चोरी करते थे। चोरी की गई बकरियों को बाराबंकी और बहराइच की मंडियों में बेच देते थे थे। आरोपियों ने करनैलगंज और तरबगंज क्षेत्रों में भी कई वारदातें कबूल की है। गिरफ्तारी टीम में एसओजी प्रभारी गौरव सिंह, उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह व राजदेव यादव, हेड कांस्टेबल अमित पाठक, रवि यादव, रणधीर सिंह, अरुण यादव, बिरजू कुमार, श्याम नारायण, राकेश सिंह, विनोद सोनी, रोबिन सिंह, राजकरन व कांस्टेबल अनुराग पटेल, सुशील सिंह, नागेंद्र यादव व रजत सिंह शामिल रहे।

बढ़ा विवाद

तालाबंदी, नारेबाजी और नोकझोंक के बीच हालात तनावपूर्ण, पुलिस बल तैनात

# अधिवक्ता-प्रशासन आमने-सामने, टकराव बढ़ने से हड़कंप

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पिछले डेढ़ महीने से अधिवक्ताओं और प्रशासन के बीच चल रही तनातनी शुक्रवार को टकराव में बदल गई। एसडीएम नेहा मिश्रा और आंदोलनरत अधिवक्ता आमने-सामने आ गए। नारेबाजी, नोकझोंक और कार्यालयों में तालाबंदी से तहसील में हड़कंप मच गया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल और महामंत्री पवन शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील के सभी न्यायालयों और कार्यालयों पर ताला जड़ दिया। नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों को दफ्तरों से बाहर निकाल दिया गया।

इसी दौरान तहसील पहुंचीं एसडीएम नेहा मिश्रा ने कार्यालयों पर ताला लटका देख नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल ताला खुलवाने के निर्देश दिए और खुद मौजूद रहकर सभी कार्यालय खुलवाते हुए कामकाज शुरू कराया। इसके बाद माइक के माध्यम से अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आंदोलन तहसील परिसर के बाहर होना चाहिए, अंदर इस तरह की गतिविधियां जनविरोधी हैं। वहीं अधिवक्ताओं ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। वकीलों का कहना है कि एसडीएम द्वारा उनके साथियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और कुर्सियां तोड़ने की कोशिश की गई। प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ एम्बुलेंस भी मौके पर बुला ली। बताया जा रहा है कि अधिवक्ता बीते 27 फरवरी से ही एसडीएम और तहसीलदार की कार्यशैली के विरोध में आंदोलनरत हैं। एडीएम की मध्यस्थता भी बेअसर रही है। अधिवक्ता अधिकारियों के तबादले की मांग पर अड़े हैं। इस घटनाक्रम के बीच एक ओर अधिवक्ता नारेबाजी करते रहे, वहीं दूसरी ओर एसडीएम नेहा मिश्रा अपने कार्यालय में बैठकर समस्याएं सुनती रहीं।

**लेखपाल संघ ने जताई नाराजगी :** लेखपाल संघ ने तहसील में हुई तालाबंदी व राजस्व कर्मियों से कथित अभद्रता को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया है। राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों ने हस्ताक्षर कर यह प्रस्ताव डीएम को भेजा है।



नारेबाजी करते अधिवक्ता व एसडीएम के साथ मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

## पेड़ से भिड़कर खाई में गिरी कार, दो घायल

**इटियाथोक, अमृत विचार :** इटियाथोक-बाबागंज मार्ग पर मोहनपुर असिधा गांव के सामने शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार संतुलन बिगड़ जाने के कारण पेड़ से टकराकर खाई में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार दो लोग घायल हो गए।

लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है । घायलों की पहचान अयाह ग्राम पंचायत के मजरा रानीजोत निवासी मुकेश पुत्र रामराज व खालिद पुत्र लिल्लाही के रूप में हुई है।

### कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाओं से बांधा समां



कवि सम्मेलन में मंच पर मौजूद कवि व अपनी रचना सुनातीं कवयित्री।

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्रीय जनता के सहयोग से कस्बा आर्यनगर में एक दिवसीय विराट कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक हास्य कवि वीपी सिंह वत्स ने बताया कि इस कार्यक्रम में कवि केदारनाथ मिश्र ललक, शिवेंद्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र शुक्ल सागर, नीता सिंह, आरती चतुर्वेदी, रामकिशोर सोनी, सुरेंद्र कुमार प्रेमी आदि कई कवियों व कवयित्रियों ने अपनी रचनाएं सुनायीं। संचालन कवि देशराज मधुसूदन व अध्यक्षता केके सिंह दीप ने किया। वाणी वंदना कवयित्री मनीषा द्वारा प्रस्तुत की गयी। उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य श्रवण कुमार शुक्ल ने किया। डॉ. ओम प्रकाश मिश्र, गोली दूबे, चुच्चू तिवारी, डॉक्टर अशोक मिश्र, अमित सिंह, अशोक बाबा, सचिन चतुर्वेदी, दिलशाद अहमद, डॉक्टर बीडी शुक्ल, वेद प्रकाश चौहान, इंद्रसेन शुक्ल, पुनीत चौबे, पिंटू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव का आयोजन कल

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव तथा मेधावी सम्मान समारोह की तैयारी की जा रही है । अर्जुन प्रसाद त्रिपाठी स्मारक इंटर कॉलेज पिरवर तारा का वार्षिकोत्सव एवं मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राम वल्लभा कुंज अयोध्या अधिकारी राजकुमार दास तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी व पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत राजीव रस्तोगी होंगे । प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ल एवं संरक्षक देव प्रकाश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां की जा रही है।

### शिकायत निस्तारण में नवाबगंज पुलिस अव्वल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** मार्च माह की रैंकिंग में ऑनलाइन जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण के दम पर नवाबगंज थाना प्रदेश में पहले स्थान पर रहा ।नवाबगंज थाने ने आइजीआरएस पोर्टल उत्तर प्रदेश पर दर्ज जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर मार्च माह की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र निस्तारित किया जाता है। इसके लिए थाना स्तर पर टीम गठित कर शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय और जवाबदेही के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है। इसका सकारात्मक असर आमजन में देखने को मिल रहा है।



अभय सिंह, थानाध्यक्ष नवाबगंज।

### मोकलपुर में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग



सम्मानित किए गए बच्चों के साथ मुख्य अतिथि विधायक प्रभात वर्मा व अन्य।

**हथियागढ़, गोंडा, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र बभनजोत के पीएम श्री उच्चीकृत कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय मोकलपुर में वार्षिकोत्सव एवं 'स्कूल चलो अभियान' का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। नौनिहालों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने तुझ में रब दिखता है गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सामाजिक सरोकारों से जुड़े लघु नाटकों, शराबबंदी, बाल विवाह, घरेलू हिंसा व बच्चों की शिक्षा ने लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रभात कुमार वर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश वर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीईओ रियाज अहमद, सुरेंद्र कुमार, बजरंगी प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, पप्पू सिंह, विजय शंकर, सुन्दर लाल, सनवंत वर्मा, दारा गुप्ता, मनीष पांडे, घनश्याम पांडे सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन एआरपी राम विलास वर्मा ने किया।

### स्कूल चलो जागरूकता रैली को विधायक ने किया रवाना



रैली को झंडी दिखा कर रवाना करते विधायक रमापति शास्त्री।

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र के नगवा गांव स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इसके बाद विधायक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। मुख्य अतिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल शिक्षकों और छात्रों ने गांव में भ्रमण कर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन कराने और उन्हें नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। विधायक रमापति शास्त्री ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे, यही इस अभियान का उद्देश्य है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही देश के विकास की मजबूत नींव रखता है। कार्यक्रम में एआरपी संजय दूबे, जनार्दन प्रसाद तिवारी, विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे, सुशील पांडे, राजेश मिश्रा, प्रदीप सिंह, राम सुंदर, सुशील कुमार, अवनीश तिवारी, एआरपी अंबुज तिवारी, राकेश पांडे, सुधीर सिंह, शिवम श्रीवास्तव, एआरपी खुशबू जायसवाल, कन्हैया लाल, कीर्ति वर्धन सिंह, आदर्श पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### रैली निकालकर किया जागरूक

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज, बेलसर में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में जन जागरण रैली निकाली गई। इस दौरान नगर पंचायत बेलसर के विभिन्न वार्डों में जन जागरण रैली निकालकर अभिभावकों को अपने बच्चों को निकटतम सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए कहा गया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलो अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य 6-14 साल के बच्चों का 100% नामांकन और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना है। इस अभियान में ड्रॉपआउट बच्चों को वापस स्कूल लाने पर भी विशेष बल दिया जाएगा। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने आसपास के विभिन्न ग्राम सभाओं के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जाकर कक्षा 5 एवं कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को निकटतम सरकारी विद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुग्रीव प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, कन्हैया लाल, कृष्ण गोपाल गुप्ता, रामेश्वर प्रताप सिंह, रघुनाथ द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुजीत श्रीवास्तव, अमित वर्मा, संजीव सिंह, उमेश गुप्ता, अशोक कुमार, विशाल वर्मा, सुरेंद्र यादव आदि के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महुआ बीनने जंगल गए किसान को तेंदुए ने बनाया निवाला

## घर से करीब 700 मीटर दूर हुई घटना, रेहरा चौकी गांव में नहीं जले चूल्हे

पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** महुआ बीनने गए 42 वर्षीय किसान हरिकान्त यादव की शुक्रवार सुबह तेंदुए के हमले में मौत हो गई। घर से महज 700 मीटर दूर जंगल किनारे खेत में बिखरा महुआ और खून से सनी मिट्टी घटना की गवाही दे रही थी। हरिकान्त ग्राम पंचायत घुबौलिया के मजरे रेहरा चौकी के निवासी थे।


हरिकांत यादव (फाइल फोटो)

परिजनों के मुताबिक हरिकान्त सुबह करीब 7 बजे भैंस लेकर गेहूं के खेत पर गए थे। खेत जंगल से सटा होने के कारण वे महुआ भी बीनने लगे। साथ में गांव की एक महिला भी थी। तभी अचानक झाड़ी से निकले तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे झिनकू प्रसाद, राधेश्याम और विमल कुमार दौड़े, लेकिन तब तक तेंदुआ जंगल की ओर भाग चुका था। हरिकान्त की मौके पर ही मौत हो गई।


तेंदुए के हमले में किसान की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

मृतक के बेटे सुजीत की आंखें पिता को याद कर बार-बार भर आती हैं। सुजीत ने बताया कि पापा रोज की तरह खेत गए थे। शोर सुनकर हम पहुंचे तो पापा खून से लथपथ पड़े थे। महुआ वहीं बिखरा था।

वन क्षेत्राधिकारी भांभर रेंज योगेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों को जंगल में न जाने की हिदायत दी गई है। ग्रामीणों में दहशत के साथ आक्रोश भी है।

ग्राम पंचायत परसरामपुर के प्रधान शेखर पाण्डेय ने कहा कि नवम्बर में पिपरा के एक पुरुष, 25 दिसम्बर को विशुनपुर कोड़र की महिला और फरवरी में उनके गांव की एक महिला को तेंदुआ मार चुका है। यह इसी जंगल का पांचवां शिकार है। फिर भी शासन-प्रशासन ठोस कदम नहीं उठा रहा। मजबूर होकर आंदोलन करना पड़ेगा । हरिकान्त की मौत के बाद रेहरा चौकी गांव में चूल्हे नहीं जले।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बालक की मौत


बालक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

महदेइया बाजा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गुमड़ी में शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से 8 वर्षीय बालक अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया।

विजय कुमार राजभर अपने पुत्र अभिषेक के साथ बाजार से घर लौट रहे थे, तभी उतरौला-गोंडा मार्ग पर आ रही कार ने लापरवाहीपूर्वक टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बेटे की मौत से मां बेसुध हो गई, जबकि बहन पूजा का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार पहले ही एक बेटे को खो चुका था, जिससे यह हादसा और भी मार्मिक हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अविरल शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।

## संचारी रोगों पर वार दस्तक अभियान शुरू



स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूकता की शपथ दिलाते सीएमओ। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाकर अभियान की शुरुआत की। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, मच्छरों से बचाव और अन्य जरूरी उपायों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के बिना संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। अभियान के तहत सीएमओ ने ग्राम कलवारी में चल रहे दस्तक अभियान का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने टीमों द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण, दवा वितरण और जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि यह अभियान जिले में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है, जिसमें लोगों को लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डॉ. जावेद अख्तर सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## विधिक जागरूकता से न्याय की राह आसान


विधिक जागरूकता शिविर में मौजूद अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील सभागार उतरौला में आमजन को विधिक अधिकारों और नि:शुल्क कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा ने लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को न्याय तक आसान पहुंच मिलना उसका अधिकार है। इस अवसर पर तहसीलदार वीरेंद्र यादव एवं नायब तहसीलदार प्रतिमा मौर्य भी मौजूद रहीं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को न्यायिक सेवाओं के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।

## बैंक की ओर से लगाया गया शिविर

**रुपईडीह, अमृत विचार :** इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर के तत्वावधान में भुड़कुड़ा में ऋण वसूली शिविर लगाया गया। शाखा प्रबंध विनोद कुमार यादव ने बताया कि शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 10 बकायादारों से 16 लाख 50 हजार रुपए का ऋण जमा किया। सहायक प्रबंधक प्रशांत कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13.10 लाख मतदाता दर्ज


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रदान करते डीएम ।

**बलरामपुर अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का समापन करते हुए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया और मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों को इसकी प्रति सौंपी। उन्होंने बताया कि जनपद में अब कुल 13,10,755 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि 17.20% की कमी डुप्लीकेट नामों और स्थानांतरित निवासियों के नाम हटाने के कारण दर्ज हुई है। 166 दिनों तक चले अभियान में चारों विधानसभा क्षेत्रों—तुलसीपुर, गैंसड़ी, उतरौला व बलरामपुर (अजा) के ईआरओ, एईआरओ व बीएलओ ने घर-घर सत्यापन किया।

# आग से 40 बीघा गेहूं की फसल जली

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला ब्लॉक के ग्राम पनवापुर में आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग की चपेट में आकर लगभग 40 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे आसपास की फसल को बचा लिया गया।

अग्निकांड में मोहम्मद नकी, बाबू लाल और साहबू समेत कई किसानों की फसल नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

घटना की जानकारी प्रतिनिधि अशोक पांडे व कार्यवाहक लेखपाल रामू ने दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# परीक्षा तिथि को लेकर उबाल

- एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन, पांच दिन का दिया अल्टीमेटम

संवाददाता, बलरामपुर

**उअमृत विचार :** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा 21 अप्रैल से सम-सेमेस्टर परीक्षा की तिथि घोषित किए जाने पर छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के कुलपति को संबोधित ज्ञापन एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य को सौंपकर परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग की।

जिला संयोजक अनुराग तिवारी ने कहा कि 2 मार्च से कक्षाएं शुरू हुईं, लेकिन इतने कम समय में 21 अप्रैल से परीक्षा घोषित करना छात्रों के साथ अन्याय है। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय का अनुचित निर्णय बताते हुए तत्काल तिथि परिवर्तन की मांग की। छात्र सूरज गौतम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम 90 दिन की पढ़ाई आवश्यक है, जबकि वर्तमान स्थिति में यह मानक पूरा नहीं हो पा रहा है। एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक अंबुज भार्गव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 अप्रैल तक परीक्षा तिथि में बदलाव नहीं किया गया, तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंकज, स्वातिक, पुनीत, अनुपम, प्रज्ञा, प्रीति, खुशी, सना, नीलू, अंशिका, लवकुश, रवि, शालिनी, माही सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# गांव चलो-वार्ड चलो अभियान में आयी तेजी

**भाजपा**

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "गांव चलो-वार्ड चलो" अभियान के तहत उतरौला नगर मंडल में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया और पत्रक वितरित कर सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही आमजन को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और जनजीवन को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में फणींद्र गुप्ता, राजकुमार कौशल, रोहित राज गुप्ता, रमेश जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान का उद्देश्य जनसंवाद बढ़ाना और समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करना बताया गया।


ग्रामीणों को पत्रक वितरित करते विधायक राम प्रताप वर्मा।


अचलापुर वार्ड में पत्रक बांटते भाजपा पदाधिकारी।

**ग्राम बस्ती चलो अभियान में उमड़ा जनसमर्थन : बलरामपुर :** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर "ग्राम बस्ती चलो अभियान" के तहत विशुनापुर वार्ड (बूथ संख्या 93) में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि व जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। "घर-घर चलो अभियान" के तहत जनसंपर्क कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही वार्डवासियों की समस्याएं सुनकर समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में बृजेंद्र तिवारी, आनंद राज श्रीवास्तव, अविनाश शुक्ला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान को संगठन सशक्तिकरण और जनसंवाद की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

# बूथ स्तर पर मनाई जाए बाबा साहब की जयंती

**सपा की बैठक**

**बलरामपुर, अमृत विचार :** लोहिया भवन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं से जयंती कार्यक्रम बूथ स्तर पर मनाने का आह्वान किया, ताकि संगठन मजबूत हो और अखिलेश यादव की मंशा को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में विधायक राकेश यादव, पूर्व विधायक राम सागर अकेला, जगराम पासवान, डॉ. भानु त्रिपाठी व कृष्णकुमार गिहार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रसोई गैस बनी मुसीबत, लोग परेशान

- घंटों कतार में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। गैस एजेंसियों के बाहर और गोदामों पर सुबह से ही लंबी कतारें लग जा रही हैं, जो देर शाम तक बनी रहती हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

क्षेत्र के बैजलपुर स्थित बाबा गयादीन इंडेन, तुलसीपुर माझा गांव की गोविंद भारत गैस, कस्बे की वैष्णवी भारत गैस और भार्गव भारत गैस एजेंसियों के माध्यम से हजारों उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति की जा रही है। इनमें से अधिकांश एजेंसियां ग्रामीण वितरक हैं, जिसके चलते रोजाना सिलेंडर की खेप नहीं पहुंच पाती और समस्या और गहराती जा रही है।

बाबा गयादीन इंडेन गैस एजेंसी के संचालक अमरेश पांडे ने बताया कि गुरुवार को उनकी एजेंसी पर सिलेंडरों की खेप आई, जिसका वितरण किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि नियमित आपूर्ति न होने के कारण उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ जाती है। वहीं कस्बे की वैष्णवी भारत गैस एजेंसी पर भी बुधवार को देर रात तक सिलेंडरों का वितरण जारी रहा। एजेंसी संचालक विजय यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

गोविंद भारत गैस एजेंसी, तुलसीपुर माझा गांव के गोविंद एजेंसी संचालक अनूप सिंह ने भी फोन नहीं उठाया ,जिससे वहां की आपूर्ति और वितरण की जानकारी नहीं मिल पाई। दूसरी ओर, भार्गव भारत गैस एजेंसी पर अपेक्षाकृत स्थिति बेहतर बताई जा रही है। एजेंसी संचालक रमाकांत भार्गव ने बताया कि उनकी एजेंसी पर लगभग प्रतिदिन सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है और उसी के अनुसार वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी उपभोक्ताओं के लिए पिछले दो हफ्तों से होम डिलीवरी सेवा भी बहाल कर दी गई है, जिसके तहत प्रतिदिन करीब 70 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर घर पहुंचाया जा रहा है।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि गैस वितरण के दौरान एजेंसियों पर पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है, ताकि व्यवस्था बनी रहे।

**नगर पंचायत धानेपुर** | शुक्रवार को 'अमृत विचार' के रियलिटी चेक में खाली मिलीं कुर्सियां

# उधार के कर्मचारी समय पर नहीं आते कार्यालय, जनता परेशान

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर पंचायत धानेपुर की कार्यप्रणाली इन दिनों पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। कर्मचारियों की भारी कमी और जो मौजूद हैं उनकी लापरवाही ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि यहां तैनात अधिकांश कर्मचारी 'उधार' के हैं और वे भी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते। यहां आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ता है।

शुक्रवार को 'अमृत विचार' द्वारा किए गए रियालिटी चेक में नगर पंचायत कार्यालय का हाल बदहाल मिला। सुबह कार्यालय समय में ईओ से लेकर वरिष्ठ लिपिक और संविदा कर्मियों तक की कुर्सियां खाली थीं। कार्यालय में सन्नाटा था, जबकि फरियादी भटकते नजर आए।



नगर पंचायत ईओ के कमरे का बंद दरवाजा। ● अमृत विचार

नगर पंचायत धानेपुर में अधिशासी अधिकारी (ईओ) के पद पर रागिनी वर्मा तैनात हैं, लेकिन उनके पास मनकापुर का अतिरिक्त प्रभार भी है। दोनों जगहों के बीच उनके बैठने का कोई तय रोस्टर नहीं है, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति प्रभावित रहती है। विभागीय बैठकों का दबाव भी उनकी अनुपस्थिति का एक कारण बताया जा रहा है। शुक्रवार को रियालिटी चेक के दौरान वह कार्यालय में मौजूद नहीं थीं।

कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक का हाल भी कुछ अलग नहीं रहा। खरगूपुर नगर पंचायत से संबद्ध जैनुद्दीन खां को धानेपुर से जोड़ा गया है, लेकिन उनके आने-जाने का भी कोई निश्चित समय तय नहीं है। शुक्रवार को वह भी अनुपस्थित मिले। फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वह गुरुवार को धानेपुर कार्यालय आए थे। अवर अभियंता मनोज कुमार, जिन्हें डूडा से संबद्ध किया गया है, केवल आवश्यक कार्य होने पर ही कार्यालय आते हैं। वहीं आउटसोर्सिंग के तहत तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश भी सुबह 10:30 बजे तक कार्यालय नहीं पहुंचे थे। कर्मचारियों की यह लापरवाही नगरवासियों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। लोगों का कहना है कि उन्हें छोटे-छोटे कामों के लिए कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं, फिर भी समाधान नहीं हो पाता। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रक्षाराम वर्मा ने कहा कि कर्मचारियों को समय से कार्यालय आना चाहिए। उन्होंने माना कि व्यवस्था में सुधार की जरूरत है और इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे।


लिपिक के कमरे में खाली पड़ीं कुर्सियां। ● अमृत विचार

### धानेपुर के साथ मनकापुर का अतिरिक्त प्रभार

धानेपुर के अतिरिक्त मनकापुर का अतिरिक्त प्रभार होने के चलते दोनों स्थानों का काम देखना पड़ता है। ऐसी स्थिति में आने-जाने में देरी हो जाती है। मैं आज भी धानेपुर कार्यालय करीब एक बजे पहुंची हूं। लिपिक भी यहां पर संबद्धता पर तैनात है। पद सृजन न होने के कारण यहां कर्मचारियों की कमी है। फिर भी बेहतर करने का प्रयास है।

**-रागिनी वर्मा,** ईओ, नपं धानेपुर

## कबीर सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नगर के बाल कृष्ण ग्राउण्ड में अरुण कुमार वैश्य द्वारा आयोजित कबीर सत्संग समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे वातावरण में भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक संदेशों की मधुर गूंज सुनाई दी। संत अमन साहेब ने भजन के माध्यम से जीवन की सच्चाई को उजागर करते हुए कहा, सोने-सोने में निकल गई सारी जिंदगी, विषय भोगों में निकल गई सारी जिंदगी। वहीं संत विजय साहेब ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देते हुए मन लागो मेरो यार फकीरी में भजन से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने जीवन को सुधारने और सादगी अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संत देवेन्द्र साहेब ने सुखी जीवन के लिए पांच महत्वपूर्ण नियम बताए मीठा बोलना, दूसरों का सम्मान करना, हमेशा प्रसन्न रहना, जो मिला उसमें संतोष करना और शांति की साधना करना। उन्होंने कहा कि निर्मल जीवन जीने वाला व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में प्रसन्न रह सकता है। मुख्य वक्ता संत गुरुभूषण साहेब ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य जीवन जीने की कला सीखना है। यदि माता-पिता और गुरुजन अपने कर्तव्यों का सही पालन करें तो धरती पर ही स्वर्ग की अनुभूति हो सकती है।

**मुईद अहमद शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान** गोराबारिक सुलतानपुर

**मे स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है।**

**डी.एल.एड.(बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम (50 सीट 1 यूनिट) हेतु**

प्राचार्य 01 पद।

गणित, विज्ञान, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा,निष्पादन कला, ललित कला, शिक्षा के पर्पेक्ष्य, शिक्षा के आधार भूत सिद्धांत, सामाजिक विज्ञान विषयों में 01–01 पद प्रवक्ताओं की।

**योग्यता एवं वेतनमान–** एन.सी.टी.ई., यू.जी.सी. एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के चार कार्य दिवस के अंदर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ संस्थान के पते पर सम्पर्क करे।

**प्रबन्धक–अली मोईद**
**मो 8896878892**

नोट: अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा प्राप्त।

# जिले के मतदाताओं की संख्या 22,21435 हुई

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर के पश्चात निर्वाचक नामावलियों का किया अंतिम प्रकाशन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल को कर दिया गया है। निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में अन्तिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 22,21435 मतदाताओं को मतदाता सूची में सम्मिलित किया गया है, जिसमें कुल 1212609 पुरुष मतदाता एवं 1008786 महिला मतदाता तथा 40 अन्य श्रेणी के मतदाता हैं।

डीएम ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से पूर्व 27 अक्टूबर 2025 को जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2648344 थी। जिसमें कुल 1395890 पुरूष मतदाता एवं 1252404 महिला मतदाता तथा 50 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। जबकि आलेख्य प्रकाशन की तिथि 06 जनवरी 2026 को जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2107016 थी। जिसमें कुल 1152126 पुरुष मतदाता, 954857 महिला मतदाता एवं 33 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 प्रारम्भ होने की तिथि 27 अक्टूबर 2025 को जहां जनपद का जेण्डर रेशियो 897 था एवं ईपी रेशियो 56.03 था वहीं वर्तमान में अन्तिम प्रकाशन के समय जनपद का जेण्डर रेशियो 832 है एवं ईपी रेशियो 47.01 है।

डीएम ने बताया कि गणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटाईजेशन के समय कुल गणना प्रपत्रों 2648344 के सापेक्ष शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित किये गये। जिसमें से कुल 2107016 गणना प्रपत्र मतदाताओं से भरकर वापस प्राप्त हुए एवं 541328 गणना प्रपत्र अप्राप्त रहें। अप्राप्त गणना प्रपत्रों में 82234 मृतक, 140033 अनुपस्थित, 222747 शिफ्टेड, 87910 पूर्व से नामांकित एवं 8404 अन्य श्रेणी के पाये गये। जनपद में ऐसे मतदाता जिनकी मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से न होने एवं तार्किक विसंगति के कारण कुल 541214 (150602 नो मैपिंग एवं 390612 तार्किक विसंगति) मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। जिनका निस्तारण शत-प्रतिशत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के माध्यम से एवं बी.एल.ओ. के माध्यम से करा दिया गया है।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रारम्भ होने से अब तक जनपद में कुल 133245 फार्म-06, 6526 फार्म-07 एवं 37858 फार्म-08 प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त एन.आर. आई. नागरिकों के कुल 13 फार्म-6ए प्राप्त हुए हैं। जिनका निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के माध्यम से करा दिया गया है।



कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी।

### बहराइच में 4,26889 मतदाता हुए कम

**बहराइच।** पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद शुक्रवार को जारी हुई मतदाता सूची के बाद जनपद में अब 22 लाख 21 हजार 435 मतदाता बचे हैं। वहीं पहले इनकी संख्या 26 लाख 48 हजार 344 थी इस तरह जनपद में चार लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

### एसआईआर के बाद श्रावस्ती में हटाया गया 134992 मतदाताओं का नाम

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** एसआईआर के बाद शुक्रवार को शुद्ध मतदाता सूची जारी की गई। इस दौरान विभिन्न कारणों से 134992 मतदाताओं का नाम हटाया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ शाहिद अहमद व एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी। एडीएम ने बताया कि विधान सभा चुनाव की तैयारियों के एवज में शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने के लिए जिले में विशेष रूप से एसआईआर अभियान चलाया गया। व्यापक सत्यापन अभियान में मृतक, स्थानांतरित और अन्य त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को हटाकर सूची को पारदर्शी बनाया गया है। एसआईआर अभियान में प्रत्येक मतदाता का सत्यापन किया गया। अब तक जिले की दोनों विधानसभाओं में 817848 मतदाता थे। जिसमें 434130 पुरुष, 383701 महिला व 17 टांसजेंडर मतदाता शामिल थे। एसआईआर अभियान में सभी मतदाताओं का सत्यापन होने के बाद छह जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशन किया गया। जिसमें 374639 पुरुष, 308202 महिला व 15 ट्रांसजेंडर समेत 682856 मतदाता शेष बचे थे। जबकि 134992 मतदाताओं का नाम हटाया गया था। हटाए गए नाम में मृतक, स्थानांतरित, डबल आदि मतदाता शामिल थे। इसमें बहुत से मतदाताओं का सत्यापन अभिलेखीय त्रुटि के कारण नहीं हुआ था। नामावली को शुद्धरूप से तैयार करने के लिए पोलिंग बूथों पर कैम्प लगाए गए और छूटे नामों का सत्यापन किया गया। साथ ही आवेदन लेकर बालिग होने वाले नए मतदाताओं के नाम दर्ज किए गए। शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन के बाद शुद्ध मतदाता सूची जारी की गई। जिसमें कुल 717452 मतदाताओं के नाम हैं। इसमें 393743 पुरुष, 323693 महिला व 16 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर के नाले में मिला सफाई कर्मी का शव

**नानपारा (बहराइच):** शहर के कालीकुंड मंदिर के सामने बह रहे एक नाले में दो दिन से लापता नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मनोज का शव मिला है। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर शव को नाले से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार दोपहर नाले में एक शव उतराता देखा। सूचना मिलने पर कोतवाली नानपारा की सेकेंड मोबाइल पर तैनात जितेंद्र गौड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव औंधे मुंह पड़ा था और प्रथम दृष्टया कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। शव को नाले से निकालने के बाद उसकी पहचान 37 वर्षीय मनोज के रूप में हुई। मनोज सफेद टी-शर्ट और सफेद पैंट पहने हुए था। मृतक की पत्नी सुषमा वाल्मीकि ने शव की शिनाख्त की, जिससे पुष्टि हुई कि वह दो दिन पहले लापता हुआ था। वहीं कोतवाल राजनाथ सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**जरवलरोड (बहराइच):** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर भगौती सिंह जी की पुण्यस्मृति में 11 अप्रैल (शनिवार) को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम किसान इंटर कॉलेज, जरवलरोड परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। विद्यालय प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह और प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ठाकुर भगौती सिंह को श्रद्धांजलि देना और क्षेत्र में साहित्यिक माहौल को बढ़ावा देना है। कवि सम्मेलन में देश के अलग-अलग जिलों से आए कई प्रसिद्ध कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इनमें रामकिशोर तिवारी, अजय प्रधान, मनमोहन मिश्र, डॉ. रणजीत सिंह, पद्मअलबेला, गुनगुन गुप्ता, अवधेश प्रताप सिंह 'समीर', सी.एन. बाजपेयी, असलम घुरनपुरी, शकील बढ़ौलवी, ओम प्रकाश गुप्ता, करम हुसैन और नीलेन्द्र विक्रम सिंह शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधक ने क्षेत्र के लोगों कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**बहराइच:** असम के मुख्यमंत्री की ओर से कांग्रेस नेताओं पर की गई टिप्पणी के विरोध में आज दोपहर बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस पुतले को छीनने का प्रयास करते नजर आई। मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पर की गई टिप्पणी के विरोध में आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं नगर में स्थित कांग्रेस भवन के पास प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला फूंका वही मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी कार्यकर्ताओं के पुतला छीनने का प्रयास करते नजर आए। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो हम लोग ओर भी बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजदू रहे।

### मादक पदार्थों को नष्ट करने के दिए गए निर्देश

**श्रावस्ती:** पुलिस कार्यालय सभागार में एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने ऑपरेशन दहन के तहत थानों के प्रधान आरक्षियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्हें मादक पदार्थों के विनष्टीकरण/निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह अभियान पुलिस मुख्यालय एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के निर्देशों के अनुपालन में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी थानों में मौजूद बरामद मादक पदार्थों को 31 मई तक निस्तारण किया जाएगा।

## जंगल से लकड़ी लाने गई महिला पर तेंदुए ने किया हमला, घायल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के कतर्नियाघाट इलाके में स्थित मूर्तिहा इलाके में एक महिला जंगल से लगे खेत के किनारे लकड़ी उठाने गई थी। तभी अचानक एक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया, चीख सुनकर जंगल की तरफ जा रहे वन कर्मी व ग्रामीण शोर मचाते हुए दौड़े जिसके बाद तेंदुआ उसे छोड़ कर भाग गया, हमले के दौरान तेंदुआ महिला के एक हाथ का थोड़ा हिस्सा खा गया।

सुरजीपुरवा ग्राम की रहने वाली महिला शांति शुक्रवार को जंगल के किनारे लकड़ी लेने के लिए गई थी। इसी दौरान जंगल से निकले तेंदुए ने उस पर हमला करते हुए उसका बाया हाथ चबा डाला, चीख सुनकर ग्रामीण व वन कर्मी डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद जानवर महिला को छोड़कर भाग गया। परिवार के लोग घायल महिला को इलाज के लिए लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

चिकित्सकों की ओर से घायल महिला का इलाज किया जा रहा है। वहीं प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित ने बताया कि महिला जंगल में अकेले लकड़ी लेने के लिए गई थी। पास में ही वन विभाग की ओर से कार्य कराया जा रहा था। शोर सुनकर वन कर्मी व अन्य लोगों ने महिला की जान बचाई है।

**महिला पर बंदर ने किया हमला, घायल, बहराइच:** जिले के मोतीपुर इलाके में स्थित झाला ग्राम में घर में घुसे बंदर को भगा रही महिला पर जानवर ने हमला कर दिया। जिसके चलते उसके सिर में गंभीर घाव हो गया, महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झाला ग्राम की रहने वाली रीता देवी नाम की महिला के घर में एक बंदर घुस गया इस दौरान वो घर में रखा अनाज खा रहा था। महिला की नजर पड़ने पर उसने जानवर को भगाने का प्रयास किया तभी उसने उनपर हमला कर दिया, चीख सुनकर परिवार के दौड़े जिसके बाद वो भाग गया, हमले में महिला के सिर में गंभीर घाव हो गया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। चिकित्सकों की ओर से महिला का इलाज किया जा रहा है, जहां उसकी हालत में सुधार है।

## गेहूं की क्रॉप कटिंग के लिए मोहम्मदनगर पहुंचे डीएम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम मोहम्मदनगर की कृषक सुमन पत्नी जोखे लाल के खेत पहुंचकर गेहूँ की क्रॉप कटिंग करायी। कृषक सुमन के खेत में 23.500 कुण्टल प्रति हेक्टेयर गेहूँ की ऊपज प्राप्त हुई। जबकि पिछले वर्ष जनपद की औसत उपज 22.135 कुंतल प्रति हेक्टेयर थी। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष गेहूँ की प्रति कुण्टल उपज में वृद्धि दर्ज की गई है।

क्रॉप कटिंग के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी अपर सांख्यिकीय अधिकारी एस. रहमान को निर्देश दिया कि जनपद के सभी बीमित कृषकों को नियमानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से फसल बीमा कराकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने का आहवान किया। उन्होंने कृषकों को यह भी सुझाव दिया कि अपनी गेहूँ की उपज को नजदीकी क्रय केन्द्र पर बिक्री कर अपनी उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त करें और शासन द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठायें।

वर्तमान रबी मौसम में क्राप कटिंग को शत-प्रतिशत भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये जी.सी.ई.एस. एवं सी.सी.ई. एग्री ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्व, कृषि एवं विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऐप डाउनलोड करके नवीनतम स्मार्ट फोन का वितरण किया गया है। क्राप कटिंग के पश्चात राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डाटा अपलोड करते ही सम्बन्धित डाटा ऐप के माध्यम से सीधे राजस्व परिषद को पहुँच जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव, कानूनगो राम सजीवन पाण्डेय, लेखपाल जितेन्द्र प्रताप व मनीष कुमार एवं बीमा कम्पनी के जिला प्रबन्धक अमन मौर्या व ग्रामीण मौजूद रहे।

## आग से 50 बीघा गेहूं जलकर राख

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** कुकुरभुकवा गांव में गांव के बाहर खेतों में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आधा दर्जन किसानों के खतों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल टीम ने ग्रामीणों संग मिलकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक करीब 50 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

भिनगा तहसील क्षेत्र के ग्राम अग्गापुर के मजरा कुकुरभुकवा गांव के बाहर शुक्रवार दोपहर में खेतों में आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण कुछ ही समय में आग ने बिकराल रूप ले लिया और आधा दर्जन किसानों के खेत को अपनी चपेट में ले लिया। धूं धूं कर जलती फसल को देख गांव में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर एकत्र होकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन हवा के कारण आग थमने का नाम नहीं ले रही थी। लोगों की ओर से डायल 112 पुलिस व फायर विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक करीब 50 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसमें आफताब आलम और अब्बास अली की करीब 14 बीघे गेहूं की फसल, मोहम्मद साबिर पुत्र झिंगाई की 15 बीघा, अली अहमद पुत्र भूरे की पांच बीघा, शमीम अख्तर पुत्र अब्दुल सत्तार की दो बीघा, इसराइल पुत्र नूरे का दो बीघे व अन्य किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने अग्निकांड से हुई क्षति का आंकलन किया।

हादसा



खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

### पयागपुर में लगी आग 20 बीघा गेहूं राख

**पयागपुर (बहराइच)।** पयागपुर इलाके में शुक्रवार की दोपहर आग ने जमकर कहर बरपाया। क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस अग्निकांड में करीब आधा दर्जन किसानों की 20 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए खुद ही मोर्चा संभाला और आग को और ज्यादा फैलने से रोक लिया शुक्रवार दोपहर पल्टन पुरवा गांव के पास खेतों में अचानक धुएं का गुबार उठा। शोर मचने पर ग्रामीण लाठी-डंडों और निजी संसाधनों के साथ दौड़ पड़े ग्रामीणों की सक्रियता से आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक राम अवतार की 5 बीघा, गूंठे की 4 बीघा और उजागर की 1 बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर स्वाहा हो गई। वहीं दुहेलवा गांव के किसान रमेशचंद्र, राजिंदर, सुभाष और राम लखन की करीब 10 बीघे की तैयार फसल अचानक लगी आग से देखते ही देखते राख हो गई।

### भव्य होगा परशुराम जन्मोत्सव, तैयारियां जारी

**पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पयागपुर बस स्टॉप स्थित जूनियर हाई स्कूल में 19 अप्रैल को इस वर्ष बेहद भव्य तरीके से मनाया जाएगा। सवर्ण आर्मी के बैनर तले आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय खुद इस आयोजन की निगरानी कर रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सवर्ण आर्मी की टोलियां घर-घर जाकर दस्तक दे रही हैं। गांव-गांव में निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं और समाज के लोगों से इस धार्मिक उत्सव में एकजुट होने की अपील की जा रही है। संगठन का लक्ष्य है कि इस बार पयागपुर में समाज का सबसे बड़ा जमावड़ा हो राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय ने बताया कि वह इस बार अपने गृह जनपद में ही रहकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा-यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता का प्रतीक है। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रदेश सचिव सत्य प्रकाश अवस्थी, जिलाध्यक्ष विजय राज, ओम प्रकाश मिश्र और अंकित तिवारी सहित सवर्ण आर्मी के दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से इस जन्मोत्सव में सहभागिता करने का आग्रह किया है ताकि शस्त्र और शास्त्र के प्रणेता भगवान परशुराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।



साथियों के साथ कार्यक्रम की तैयारी में लगे सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडेय। अमृत विचार

### जनगणना के चलते बाधित होगी बच्चों की पढ़ाई

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना के कार्य में न लगाई जाए। शिक्षकों के ड्यूटी में जाने से विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। इससे बच्चों के भविष्य पर प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में शिक्षकों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय को सौंपे ज्ञापन में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि शुक्ला ने कहा है कि जिले के ज्यादातर शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगाई गई है। इससे भविष्य में कई प्रकार की समस्या उत्पन्न होगी। साथ ही शिक्षण कार्य भी प्रभावित होगा। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे परिषदीय विद्यालयों में पढ़ते है। विगत सत्र में एसआईआर के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित रहा है। महामंत्री प्रकाश चन्द्र मिश्र ने कहा कि जिले के परिषदीय विद्यालयों में करीब 60 प्रतिशत शिक्षकों के पद रिक्त है; ऐसे में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई पहले से ही प्रभावित है। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप पटेल, जीतेन्द्र द्विवेदी, संतोष कुमार मिश्र, दीपक केशरवानी, अमित चन्द्र मिश्र, घनश्याम तिवारी, रश्मि सिंह, सुधा, हेमलता यादव, गुप्ता, अंशू रानी, अजय कुमार वर्मा सहित कई अन्य शिक्षक मौजूद रहें।



डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षक। अमृत विचार

### प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बहराइच।** पयागपुर ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने विकास खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मनरेगा भुगतान और चुनाव कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई जोरदार ब्लॉक के प्रधानों ने विकास खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने तथा मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले कराने की प्रमुख मांग उठाई। कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ के अध्यक्ष भगवान दिन मिश्रा, राम सुन्दर पांडे, सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), बाराती लाल वर्म, राज कुमार राव, मंगल दास, राम छबीले निषाद, कोमल प्रधान, अफ्फान खान सहित अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 अधिनियम के अंतर्गत पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इससे श्रमांश और सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हो गए हैं, जिसके चलते प्रधानों पर सप्लाई करने वाले फर्मों का लगातार दबाव बढ़ रहा है। पंचायत विकास मंच ने सरकार से मांग की है कि यदि समय पर पंचायत चुनाव संभव न हो, तो वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत होगी। इस अवसर पर प्रधान सुधीर चौधरी, विराट बाजपेई, मुनीज़र चौधरी, संतोष कुमार, बैजनाथ सिंह, शिवकुमार तिवारी, सुमन चौधरी, राज मंगल पांडेय, हरिश्चंद्र, शबीर अहमद, परशुराम, फुलचंद, रामगोपाल आदि रहे।

### किसान पहचान पत्र से ही मिलेगा योजनाओं का लाभ

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** किसानों का विशेष किसान पहचान पत्र बनाया जा रहा है। अब किसान पहचान पत्र से ही किसानों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। ऐसे में सभी किसानों के पास अपना किसान पहचान पत्र होना जरूरी है। उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने बताया कि भविष्य में भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्तों का लाभ उन्हीं कृषकों को मिलेगा। जिनके किसान पहचान पत्र जारी किये गये हैं। राज्य सरकार की ओर से भी इसी नीति का अनुसरण करते हुए कृषि विभाग व सहयोगी विभागों जैसे उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, लघु सिंचाई आदि की लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ किसान पहचान पत्र के आधार पर ही दिया जाएगा। कृषि विभाग की ओर से अपनी लाभार्थी परक योजनाओं जैसे उर्वरक, बीज, कीटनाशी व अन्य इनपुट के वितरण व लाभार्थियों के चयन में किसान पहचान पत्र को आधार बनाया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किए जाने वाले कृषि उत्पाद जैसे-गेहूं, धान, दालें, सरसों आदि के क्रय के लिए किसान पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा।

## बूंद- बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

बाबागंज (बहराइच)

समस्या

**अमृत विचार।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे सरकारी नलों के पानी सूखने हुए नजर आ रहे हैं। सरकार भले ही लाखों खर्च करके प्रत्येक ग्राम पंचायत में दर्जनों की संख्या में इंडिया मारका हैंडपंप भले ही लगवा दिए हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि एक-दो पानी दे रहें हैं। जबकि ज्यादातर हैंडपंप सूख गए हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक ब्लॉक कार्यालय पर बैठे हुए अधिकारी रिबन और मरम्मत के नाम पर आने वाले धन को बंदरबांट कर कागजों की खानापूर्ति करते हैं। ऐसे में ग्रामीणों का की समस्या जो की त्यों बनी रहती है। भले ही ग्रामीण लगातार ब्लॉक मुख्यालय पर जाकर कार्यालय में नल की मरम्मत के लिए अनेकों अनेक प्रार्थना पत्र देते रहते हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के कानों में जूं तक नहीं रेंगती नजर आती है। ऐसे ही ग्राम पंचायत निधि नगर संकल्पा का है, जहां इसी ग्राम पंचायत के मजरा निरनगर में बगले पुत्र नन्हे के घर के पास, त्रिवेणी गौतम के घर के पास, काली माता मंदिर के सामने लगे हैंडपंप से पानी की जगह बालू निकलती है। बाबाकुट्टी पर लगा नल भी वर्षों से खराब पड़ा है, लेकिन जिम्मेदार बेखबर है। वहीं ग्रामीण पैरु, रामफेरन, धनीराम, रूपेश, आदि सहित बाबाकुट्टी के महंत बाबा सुक्खा दास ने बात रखते हुए कहा कि यह हैंडपंप लगभग तीन वर्षों से खराब पड़ा है। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान व ग्रामपंचायत अधिकारी से सैकड़ों बार कर चुके हैं। लेकिन आश्वासन देकर बात को टाल दी जाती है। बाबा ने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया मार्का हैंडपंप का कुछ सामान कारीगरों द्वारा निकाल लिया गया है। सैकड़ों बार दौड़ते दौड़ते थक जाने के कारण सभी आशाएं टूट चुकी हैं लेकिन हैडपम्पों में कोई न सुधार हुआ है।



खराब हैंडपंप के पास खड़ा ग्रामीण।

## दुर्गापुर में बच्चों ने रैली निकालकर किया जागरूक




जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

बाबागंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर में गुरुवार को 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और छात्र-छात्राओं ने मिलकर पूरे गांव में भ्रमण किया। जागरूकता रैली में सभी बच्चों व प्रधानाध्यापक सत्यभानु ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों कों नियमित रूप से स्कूल भेजें। जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस मौके पर शिक्षक विनोद गिरि, पवन गुप्ता, नेहा त्रिपाठी आदि रहे।

सख्ती

पुलिस अधीक्षक ने किया रूपईडीहा थाने और सीमा सुरक्षा का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को किया जाएगा मजबूत : एसपी

रूपईडीहा (बहराइच)

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने शुक्रवार को भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा थाने का औचक निरीक्षण किया। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे रूपईडीहा पहुंचकर एसपी ने थाने का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, शस्त्रागार एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पहुंचे, जहां उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सीमा से होकर आने-जाने वाले लोगों की जांच प्रक्रिया को भी देखा और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। सीमा निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत, एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट सुनील कुमार शांति सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। इस अवसर पर नेपाल के सीमावर्ती थाना जमुनहा के इंचार्ज किरण मल्ल तथा नेपाल सशस्त्र बल (बांके) के अधिकारी के. भट्ट से भी मुलाकात कर सीमा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। पत्रकारों से बातचीत में एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला सीमावर्ती दौरा है। उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल सीमा संवेदनशील है, ऐसे में यहां की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और उन्हें रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।



जवानों के साथ सीमा पर निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव।

### एसडीएम जमुनहा व भिनगा ने नेपाल सीमा का लिया जायजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की समीक्षा के लिए एसडीएम जमुनहा एसके राय व भिनगा आशीष भारद्वाज ने पुलिस व एसएसबी के अधिकारियों के साथ भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा का निरीक्षण किया। इस दौरान भिनगा व जमुनहा तहसील क्षेत्र के सागर गांव, बरगदहा, जमुनहा, सूइया बार्डर, ताल बाघोड़ा का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सुरक्षा जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर सीमा सुरक्षा, तस्करी पर अंकुश और नागरिकों की आवाजाही से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। एसडीएम ने सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों के साथ सीमा चौकियों का भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने व सीमा पार से होने वाली किसी भी प्रकार की तस्करी या घुसपैठ को रोकने के लिए पेट्रोलिंग तेज करने के निर्देश दिए। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय चेकपोस्ट पर आने-जाने वालों की जांच प्रक्रिया का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को और मजबूत करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल मिल सके। इस मौके पर संबंधित थानाध्यक्ष व एसएसबी के जवान मौजूद रहे।



जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है,
उसी प्रकार मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है।
–रवींद्र नाथ टैगोर, बांग्ला साहित्यकार

## वार्ता का प्रतिफल

अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता निर्णायक मोड़ साबित होगी या फिर एक और अस्थायी ठहराव इसका जवाब बहुत मुश्किल है, क्योंकि जमीन पर तनाव अभी भी चरम पर है। क्या यह युद्धविराम आगे बढ़ेगा? फिलहाल तो इसी पर खतरा नजर आता है। सच यह है कि दोनों पक्ष फिलहाल 'रणनीतिक विराम' के ही पक्ष में लगते हैं। अमेरिका को अपने सैन्य और कूटनीतिक विकल्पों को पुनर्गठित करने का समय चाहिए, जबकि ईरान भी प्रतिरोध की अपनी क्षमता को बनाए रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय दबाव कम करना चाहता है। अतः युद्धविराम का सीमित विस्तार संभव है, पर स्थायी शांति की संभावना नहीं के बराबर।

दोनों पक्षों के मूल रुख में बदलाव के संकेत नहीं हैं। ईरान स्पष्ट कर चुका है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण से पीछे नहीं हटेगा। दूसरी ओर, अमेरिका के लिए परमाणु प्रसार और समुद्री व्यापार की निर्बाधता 'रेड लाइन' है। ऐसे में समझौता केवल 'टैक्टिकल एडजस्टमेंट' के रूप में ही संभव है, न कि मूल मुद्दों के समाधान के रूप में। इजराइल की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में जटिल और कुछ हद तक अलग-थलग दिखाई देती है। सतह पर भले अमेरिका-इजराइल की एकजुटता दिखे, पर युद्ध और युद्धविराम को लेकर दोनों के दृष्टिकोण में सूक्ष्म अंतर स्पष्ट है। इजराइल जहां निर्णायक सैन्य बढ़त को बनाए रखना चाहता है, वहीं अमेरिका व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक दबावों को ध्यान में रखकर संयम दिखाना चाहता है। यही कारण है कि लेबनान और गाजा जैसे मोर्चों पर जारी तनाव शांति प्रयासों को कमजोर करता है। होर्मुज का प्रश्न वार्ता की धुरी है। यदि ईरान नियंत्रण रखते हुए टोल या शर्तें लागू करता है, तो यह वैश्विक ऊर्जा बाजार और समुद्री कानून दोनों के लिए चुनौती होगी। अमेरिका के लिए इसे स्वीकार करना कठिन होगा, पर पूर्ण सैन्य टकराव से बचने के लिए कोई 'मध्य मार्ग', जैसे- अंतर्राष्ट्रीय निगरानी खोजा जा सकता है। पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भी सवाल हैं। एक ओर वह इस्लामाबाद को कूटनीतिक केंद्र बनाने की कोशिश कर रहा है, दूसरी ओर उसकी आंतरिक राजनीति में इसका विरोध इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि मध्यस्थ पर ही संदेह हो, तो वार्ता की सफलता स्वतः सीमित हो जाती है। अमेरिका की घरेलू राजनीति भी इस समीकरण में महत्वपूर्ण है। डोनाल्ड ट्रंप पर गिरती लोकप्रियता और महाभियोग की आशंकाएं उन्हें आक्रामक बयानबाजी और त्वरित 'जीत' की तलाश की ओर धकेल सकती हैं। पर यही जल्दबाजी किसी स्थायी समाधान के रास्ते में बाधा भी बन सकती है।

यदि वार्ता विफल होती है तो इसका सीधा अर्थ होगा कि क्षेत्र फिर से तीव्र संघर्ष की ओर बढ़ेगा, होर्मुज में अस्थिरता बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव आएगा। ऐसी स्थिति में एक संतुलित, विश्वसनीय और तटस्थ शक्ति की आवश्यकता होगी, जहां भारत की भूमिका उभर सकती है। भारत के दोनों पक्षों से संवाद और क्षेत्र में उसके हित उसे संभावित मध्यस्थ बना सकते हैं। इस्लामाबाद वार्ता से चमत्कार की उम्मीद करना बेमानी है। यह अधिक से अधिक 'तनाव प्रबंधन' का मंच बन सकती है, न कि स्थायी समाधान का।

### प्रसंगवश

## शुरुआती पोषण ही होती है उज्ज्वल जीवन की कुंजी

कहते हैं सही पोषण तो देश रोशन। जी हां, यहां यह समझाया जा रहा है कि यदि किसी देश में सही पोषण की भूमिका प्रबल होगी, तभी देश मजबूत बनेगा और प्रकाशमय बनेगा। आज समाज में सही पोषण की कमी देखी जाने लगी है। नतीजन कुपोषण अपने पैर पसारने लगा है और जहां कुपोषण अपने चरम पर होगा, वहां खुशहाल जीवन भला कैसे बन सकेगा? सही पोषण से किसी भी मनुष्य का शारीरिक स्वास्थ्य निखर सकता है, परंतु न केवल शारीरिक अपितु मानसिक एवं सामाजिक स्वाथ्य भी आजकल एक जटिल चुनौती बनकर उभर रहा है।

आज के दौर में, न केवल शारीरिक अपितु मानसिक और सामाजिक स्वाथ्य का होना बेहद अहम माना जाता है और यह तीनों स्वास्थ्य लाभ हमें केवल सही पोषण से ही प्राप्त होते हैं। यदि जीवन के शुरुआती दौर से ही कोई व्यक्ति अपने पोषण पर सही ध्यान देने लग पड़ा हो, तो निःसंदेह उसे पूर्ण स्वाथ्य लाभ प्राप्त हो जाता है, इसीलिए जीवन के शुरुआती दौर को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है, क्योंकि स्वास्थ्य के प्रति जरा सी लापरवाही जीवन भर घातक सिद्ध हो सकती है। यदि हमारा स्वास्थ्य पुष्ट होगा तभी रोग रुष्ट होगा।



शिवालिक अवस्थी
लेखक

संभवतः हर गर्भवती महिला का एक सपना होता है कि उसका होने वाला शिशु स्वस्थ हो। जीवन के शुरुआती दौर से ही हमें सही पोषण की आदत डालनी चाहिए, लेकिन यहां तो बात गर्भावस्था से ही शुरू हो चुकी है। जी हां, जीवन का शुरुआती दौर मां के गर्भ से ही शुरू हो जाता है, इसलिए गर्भवती स्त्री को चाहिए कि स्वस्थ शिशु प्राप्त करने के लिए वह भी अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखे। पौष्टिक आहार का सेवन, गर्भवती स्त्री और उसके होने वाले बच्चे के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे प्रारंभ में ही कुपोषण पर प्रहार किया जा सकता है, जिसने प्रारंभिक अवस्था में ही कुपोषण पर विजय प्राप्त कर ली, उसका जीवन मानो सफल हो गया। सही खान-पान की आदत से किसी भी व्यक्ति की फिर चाहे वह गर्भवती हो या कोई शिशु, रोग प्रतिरोधक क्षमता जिसे हम इम्युनिटी भी कहते हैं, बढ़ जाती है। नतीजन बीमारियां कोसों दूर रहती हैं। किसी भी बीमारी से लड़ने में इंसान की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिस व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होगी उससे बीमारियां भी दूर भागेंगी और जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होगी उसे बार बार बीमारी से लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

हम क्यों आज पोषण पर चर्चा कर रहे हैं, दरअसल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 8वां पोषण पखवाड़ा 09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक देशभर में मनाया जा रहा है। 15 दिन चलने वाले इस बार के पोषण पखवाड़े का विषय यानी थीम है, 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास'।

इसके अलावा इस बार के पोषण पखवाड़े में अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। आइए अन्य प्रमुख केंद्रों पर प्रकाश डालते हैं जिनमें शामिल हैं; मां और बच्चे का पोषण। 0-3 वर्ष के बच्चों के दिमाग का शुरुआती विकास। 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करना। आंगनवाड़ी को मजबूत बनाने के लिए समाज का सहयोग।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## महात्मा ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक





नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200 वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।

शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है।

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं, इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।

महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा, लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं।

महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।

भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

> मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200 वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### आमने – सामने



राज्य में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अराजकता की स्थिति है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। सरकार का खजाना खाली है। कर्मचारियों, मंत्रियों और यहां तक कि उन्हें खुद भी वेतन नहीं मिला है। साथ ही पेंशन भुगतान में भी देरी हो रही है।

–तेजस्वी यादव
नेता, आरजेडी

ऐसे बयान उनकी हताशा को दर्शाते हैं। निशांत कुमार की सक्रियता से तेजस्वी का दिमाग खाली हो गया है। सरकार का खजाना कभी खाली नहीं हो सकता। मार्च महीने में एक-दो दिन की देरी संभव है, लेकिन वेतन जरूर मिलता है। तेजस्वी यादव खुद बताएं कि उन्हें वेतन मिला है या नहीं।

–नीरज कुमार
जदयू प्रवक्ता



## कांग्रेस में नेतृत्व नहीं, पुनर्गठन की अनिवार्यता



डॉ. राजीव सागर
असिस्टेंट प्रोफेसर
लखनऊ यूनिवर्सिटी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आज जिस राजनीतिक संकट से गुजर रही है, उसे अक्सर एक सरल सवाल में समेट दिया जाता है, नेतृत्व कौन करेगा? हर कुछ महीनों में यह बहस लौट आती है कि क्या नया अध्यक्ष पार्टी को पुनर्जीवित कर सकता है? क्या नया चेहरा चुनावी किस्मत बदल सकता है? लेकिन यह बहस जितनी आकर्षक है, उतनी ही भ्रामक भी है। कांग्रेस की समस्या नेतृत्व की कमी नहीं है, बल्कि उसकी असली समस्या यह है कि वह किस तरह का संगठन बन चुकी है। एक कमजोर ढांचे में मजबूत नेता भी टिकाऊ बदलाव नहीं ला सकता, लेकिन एक मजबूत, लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत संगठन औसत नेतृत्व के साथ भी आगे बढ़ सकता है। कांग्रेस ने पिछले एक दशक में इस मूलभूत सत्य को नजरअंदाज किया है और यही उसकी सबसे बड़ी भूल रही है।

कांग्रेस के भीतर और बाहर, दोनों जगह यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा हुआ है, इसलिए समाधान भी उसी तर्क में खोजा जाता है, चेहरा बदलो, सब ठीक हो जाएगा, लेकिन अगर समस्या केवल चेहरा होती, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था। वास्तविकता यह है कि नेतृत्व में बदलाव के बावजूद पार्टी की संरचनात्मक कमजोरियां जस की तस बनी हुई हैं, दरअसल 'चेहरा बदलो' की राजनीति एक सुविधाजनक बहाना है, क्योंकि इससे संगठन के भीतर मौजूद कठिन सवालों से बचा जा सकता है कि क्या पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है? क्या नेतृत्व चयन पारदर्शी है? क्या जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए ऊपर आने का रास्ता खुला है?

कांग्रेस का सबसे बड़ा संरचनात्मक दोष उसकी 'हाई कमान' संस्कृति है। पिछले दो दशकों में पार्टी का संगठन धीरे-धीरे केंद्रीकृत होता गया है, जहां महत्वपूर्ण फैसले सीमित लोगों के दायरे में लिए जाते हैं। संगठनात्मक चुनाव होते जरूर हैं, लेकिन वे वास्तविक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं बन पाए हैं। कांग्रेस कार्यसमिति जैसे निकाय, जो कभी पार्टी की सामूहिक बुद्धिमत्ता के केंद्र थे, अब मनोनयन-आधारित संरचना में बदल चुके हैं। इसका असर सीधा है जमीनी कार्यकर्ता अपने आप को असंबद्ध महसूस करते हैं, स्थानीय नेतृत्व उभर नहीं पाता और पार्टी एक जीवंत राजनीतिक संगठन के बजाय एक बंद नेटवर्क में बदल जाती है। जब राजनीतिक ऊर्जा ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर बहती है, तभी संगठन मजबूत होता है। कांग्रेस ने इस प्रवाह को उलट दिया है।

अगर कांग्रेस के संरचनात्मक संकट को समझना हो, तो उत्तर प्रदेश से बेहतर उदाहरण शायद ही कोई हो। देश के सबसे बड़े राजनीतिक राज्य में पार्टी की स्थिति लगातार कमजोर होती गई है। संगठनात्मक ढांचा बिखरा हुआ है, जमीनी कार्यकर्ता निराश हैं और चुनावी प्रदर्शन गिरता गया है। इस संदर्भ में अजय राय के नेतृत्व को लेकर उठते सवाल महज व्यक्तिगत आलोचना नहीं हैं। वे उस व्यापक प्रणालीगत विफलता की ओर संकेत करते हैं, जिसमें नेतृत्व चयन, प्रदर्शन और जवाबदेही के बीच कोई स्पष्ट संबंध नहीं बचा है। स्थानीय स्तर पर पार्टी नेताओं द्वारा खुला असंतोष, पंचायत और नगर निकाय चुनावों में कमजोर उपस्थिति और संगठन से नेताओं का पलायन, ये सब संकेत हैं कि समस्या गहरी है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संकट केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं है। यह उस संरचना का परिणाम है, जो नेतृत्व को जवाबदेह नहीं बनाती और प्रदर्शन से उसका सीधा संबंध नहीं जोड़ती।

कांग्रेस लंबे समय से सामाजिक न्याय, समावेशन और भागीदारी की राजनीति की बात करती रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में संगठनात्मक संरचना इस दावे के विपरीत दिखाई देती है। संगठन के शीर्ष पदों पर सीमित सामाजिक समूहों विशेषकर ऊपरी जातियों का वर्चस्व बना हुआ है, जबकि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता। यह केवल सामाजिक असंतुलन नहीं है, बल्कि यह एक गहरा राजनीतिक विरोधाभास है। जब पार्टी उन वर्गों के लिए राजनीति करती है, लेकिन उन्हें अपने संगठन में वास्तविक शक्ति नहीं देती, तो उसकी विश्वसनीयता कमजोर हो जाती है। उत्तर प्रदेश में यह विरोधाभास और भी स्पष्ट है, जहां सामाजिक आधार और संगठनात्मक संरचना के बीच असंगति पार्टी की चुनावी कमजोरी का कारण बनती रही है।

कांग्रेस में केंद्रीकरण केवल निर्णय लेने तक सीमित नहीं है अपितु यह जवाबदेही को भी प्रभावित करता है। जब फैसले ऊपर से होते हैं और कार्यान्वयन नीचे से, तो असफलता की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। कांग्रेस की राजनीति का केंद्रीय आधार है संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा, लेकिन जब पार्टी अपने भीतर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करती है और सामाजिक प्रतिनिधित्व को सीमित करती है, तो उसका नैतिक आधार कमजोर हो जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा है, अगर समस्या केवल चेहरा होता, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था।

### सोशल फोरम

## अपनी आवाज सुनिए

अमेरिकी लेखक हेनरी डेविड थोरो ने एक ऐसी बात कही थी, जिसे अगर आदमी सच में समझ ले तो उसका पूरा जीवन बदल सकता है। उन्होंने कहा था कि संसार में स्वविवेक से बड़ा कोई कानून नहीं होता। अब जरा ठहर कर सोचिए, कानून क्या है? स्वविवेक क्या है? कानून किताबों में लिखा होता है, अदालतों में पढ़ा जाता है, पुलिस उसे लागू कराती है, लेकिन स्वविवेक, वो आपके भीतर बैठा होता है, चुपचाप, बिना शोर के, हर वक्त आपको देखता हुआ।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

थोरो ने सिर्फ यह कहा ही नहीं, उन्होंने इसे जिया भी। उन्होंने सिटी टैक्स देने से इंकार कर दिया था। वजह यह थी कि उन्हें दिख रहा था कि सरकार उस पैसे का इस्तेमाल गलत काम में कर रही है। अब कानून की नजर में टैक्स नहीं देना अपराध था, लेकिन टैक्स के पैसों का गलत इस्तेमाल होने पर उसके खिलाफ आवाज उठाना स्वविवेक था। उन्हें सजा मिली, जेल जाना पड़ा, लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझसे गलती हो गई। उन्होंने साफ कहा कि अगर कानून गलत है, तो उसे तोड़ना ही सही है, क्योंकि मेरे भीतर जो आवाज है, वो उससे बड़ा कानून है। आप मुझसे जिस मद के लिए टैक्स लेते हैं, उसे उसी मद में खर्च करें। हम टैक्स न्यूयार्क के मेयर की मौज के लिए नहीं देते, जिसे वो सरकारी भ्रमण के नाम पर उड़ाते हैं, खर्च करते हैं।

यहीं से फर्क शुरू होता है। एक तरफ वो लोग हैं जो भीड़ का हिस्सा बनकर सब मान लेते हैं। गलत का विरोध भी नहीं करते। दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो पहले अपने मन से पूछते हैं, विरोध करते हैं। सच के लिए खड़े होते हैं।

आपको तीन नाम याद दिलाता हूं, सुकरात, प्रह्लाद और मीरा बाई। तीनों ने वही किया जो उनके भीतर की आवाज ने कहा। सुकरात ने सच बोलना नहीं छोड़ा, सजा में उन्हें जहर का प्याला मिला। प्रह्लाद ने अपने विश्वास को नहीं छोड़ा, उसे आग में बैठाया गया (वो बच गया, उसका भाग्य)। मीरा ने अपने कृष्ण के लिए जहर का प्याला भी स्वीकार कर लिया (वो भी बच गईं, उनकी किस्मत)। इन तीनों के पास एक ही चीज थी, अपने मन पर भरोसा।

महात्मा गांधी ने भी यही बात कही थी कि कानून का पालन करना हमारा कर्तव्य है, लेकिन जब कानून असत्य, अराजकता को बढ़ावा देने लगे तो उसकी अवज्ञा करना भी हमारा कर्तव्य हो जाता है। यह बात सुनने में बहुत सीधी लगती है, लेकिन इसे जीना बहुत मुश्किल है, क्योंकि इसमें जिम्मेदारी पूरी आपकी हो जाती है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता व विवाह संस्था पर अहम फैसले

इधर कुछ सालों से भारतीय न्यायपालिका ने ऐसे फैसले सुनाए हैं, जिन्हें बेशक प्रगतिशील फैसले कहा जा सकता है। जाहिर है कि ऐसे फैसले सामाजिक बदलाव की दिशा में एक अहम कदम साबित होते हैं। इसी हफ्ते मेघालय हाईकोर्ट के एक फैसले में कहा गया कि रोमियो-जूलियट कैटेगिरी के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों को रद्द किया जा सकता है। खासकर जब दो किशोरों के बीच सहमति से संबंध हो।

इसी तरह, हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया कि शादीशुदा शख्स भी किसी एडल्ट के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह सकता है, बशर्ते वो सहमति के साथ हो। इन दोनों फैसलों से साफ झलकता है कि कोर्ट प्यार और रिश्तों को जुर्म की कैटेगरी से बाहर रखने के पक्ष में है। इससे ये भी साफ होता है कि अदालत व्यक्तिगत गरिमा को प्रोटेक्शन देने के पक्ष में है। ऐसे फैसले समाज की पारंपरिक मानसिकता के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो मामलों में ऐसा फैसला दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप के मामले में सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकारों का जिक्र किया। साथ ही, जोड़े की सुरक्षा की बात कही। वहीं, लव मैरिज के मामले की सुनवाई के क्रम में कोर्ट ने कहा कि प्रेम विवाह को जोड़ा सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन में रह रहे जोड़े की याचिका पर सुनवाई करते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा है कि अंतर्धार्मिक कपल की सुरक्षा आवश्यक है।

सोनभद्र के अंतरधार्मिक कपल की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि उन्हें अपने परिजनों से खतरा है। पुलिस से संपर्क करने पर भी हमारी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के क्रम में हाईकोर्ट ने कहा कि सहमति से अगर वयस्क जोड़े लिव इन में रह रहे हैं, तो उनकी सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के साथ-साथ वर्ष 2021 के विशेष अधिनियमों का जिक्र करते हुए कहा कि लिव इन में रहना किसी भी प्रकार का अपराध नहीं है।

हाईकोर्ट ने लव मैरिज के एक मामले की सुनवाई के क्रम में भी बड़ा आदेश जारी किया। हाईकोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति बालिगों की अपनी पसंद से की गई शादी यानी लव मैरिज को सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में सरकार का दायित्व है, वह कपल के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करे। कोर्ट ने कहा कि भले ही कपल को उनके परिवार से ही खतरा क्यों न हो।

भारतीय कानून ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में, परंपरागत भारतीय समाज में लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने की दिशा में सावधानीपूर्वक ही कदम बढ़ाया है। इसके बावजूद भी, यह विवाह को एक कानूनी रूप से स्वीकृत संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है, जिसके अंतर्गत वयस्कों के अपने अधिकार और दायित्व भी हैं। निर्विवाद रूप से, जिन्हें आसानी से दरकिनार भी नहीं किया जा सकता है।


(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।




सहारनपुर की हवेलियां देखने के लिए मैं तीन बार आया और इन्हें मुख्य मार्ग और फिर कुदरती नदी जो अब गंदा नाला बना दिया गया है, का पुल पार करते हुए नगर के दिल कहे जाने वाली पुरानी बस्ती की तरफ कटरा में गया। ये हवेलियां भारतीय वास्तु कला के अच्छे नमूने हैं और हमारी निर्मित वास्तु-सांस्कृतिक विरासत के जीते-जागते प्रतीक। नगर के पुराने हिस्सों को ये एक सजीव चरित्र देती हैं। अब ऐसे भवनों का निर्माण नहीं होता और न ही इन्हें निर्मित किए जाने और मरम्मत के लिए पारंपरिक चूना अवलेह और मुगलिया ईंटों जैसी सामग्री आसानी से उपलब्ध होती है।

हवेलियों के वास्तु-वैभव में संस्कृति, आर्किटेक्चरल हिस्ट्री, भू-दृश्य और अलंकरण शामिल हैं। यहां आने से पहले इस जनपद की जियोग्राफी, भू-दृश्यावली और हिमालय की निकटता और प्राकृतिक संपदा को समझना जरूरी है, तभी हवेलियों की मौजूदगी और इनसे जुड़े कृतित्व को ठीक से समझा जा सकता है।



रणबीर सिंह
लेखक

